12

भारतीय खाद्य निगम

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण

मंत्रालय

(खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग)

सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

(2021-22)

बारहवां प्रतिवेदन

(सत्रहवीं लोक सभा)

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली

बारहवां प्रतिवेदन

सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

(2021-2022)

(सत्रहवीं लोक सभा)

भारतीय खाद्य निगम

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण

मंत्रालय

(खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग)

[भारतीय खाद्य निगम के संबंध में सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई]

4 फरवरी, 2022 को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया

4 फरवरी, 2022 को राज्य सभा के पटल पर रखा गया

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली

फरवरी, 2021/ माघ, 1943 (शक)

सीपीयू सं. 1027

मूल्य: रु.

© 2021 लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम (संस्करण) के नियम 382 के अंतर्गत प्रकाशित और द्वारा मुद्रित।

विषय सूची

		पृष्ठ
समिति (2021-22) की संरचना		iv
प्राक्कथन		vi
अध्याय एक	प्रतिवेदन	1
अध्याय दो	टिप्पणियां/सिफारिशें जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया है.....	19
अध्याय तीन	टिप्पणियां/सिफारिशें जिनके संबंध में सरकार के उत्तरों को देखते हुए समिति आगे कार्रवाई नहीं करना चाहती है	83
अध्याय चार	टिप्पणियां/सिफारिशें जिनके संबंध में सरकार के उत्तरों को समिति ने स्वीकार नहीं किया है और जिन्हें दोहराये जाने की आवश्यकता है	84
अध्याय पांच	टिप्पणियां/सिफारिशें जिनके संबंध में सरकार ने अंतरिम उत्तर दिए हैं ।	85

अनुबंध

सिफारिश (क्र. सं.1) के बारे में सरकार के उत्तर संबंधी अनुबंध 85

परिशिष्ट

एक समिति की 21 दिसम्बर, 2021 को हुई उन्नीसवीं बैठक का कार्यवाही सारांश.....124

दो भारतीय खाद्य निगम के संबंध में सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का विश्लेषण.....126

<u>सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति (2021-22) की संरचना</u>

श्री संतोष कुमार गंगवार - *सभापति*

सदस्य

लोक सभा

2. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू
3. डॉ. हिना विजयकुमार गावीत
4. श्री सी.पी. जोशी
5. श्रीमती कनिमोझी करूणानिधि
6. श्रीमती पूनमबेन माडम
7. श्री अर्जुन लाल मीणा
8. श्री जनार्दन मिश्र
9. श्री राम मोहन नायडू किंजरापु
10. श्री नामा नागेश्वर राव
11. डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा
12. श्री रवनीत सिंह
13. श्री सुशील कुमार सिंह
14. श्री उदय प्रताप सिंह
15. श्री रामदास तडस

राज्य सभा

16. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य

17. श्री अनिल देसाई

18. श्री सैय्यद नासिर हुसैन

19. श्री ओम प्रकाश माथुर

20. श्री सुरेन्द्र सिंह नागर

21. श्री के.सी. रामामूर्ति

22. श्री एम.शनमुगम

सचिवालय

1. श्री आर.सी.तिवारी	-	संयुक्त सचिव
2. श्री श्रीनिवासुलु गुंडा	-	निदेशक
3. श्री जी. सी. प्रसाद	-	अपर निदेशक
4. श्रीमती स्मिता खाडे	-	समिति अधिकारी

* **श्रीमती मीनाक्षी लेखी के 07 जुलाई, 2021 को मंत्री नियुक्त किए जाने पर श्री संतोष कुमार गंगवार को 13 अगस्त, 2021 को सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का सभापति नियुक्त किया गया ।**

प्राक्कथन

मैं, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति (2021-22) का सभापति, समिति द्वारा उसकी ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्राधिकृत किए जाने पर 'भारतीय खाद्य निगम' के संबंध में सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति (17वीं लोकसभा) के तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित यह बारहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ।

2. सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का तीसरा प्रतिवेदन 29 जनवरी, 2021 को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया था और राज्य सभा के पटल पर रखा गया था। प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सभी 34 सिफारिशों के संबंध में की-गई-कार्रवाई उत्तर उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग) से 30 जुलाई, 2021 को प्राप्त हो गए थे।

3. समिति ने 21 दिसम्बर, 2021 को हुई अपनी बैठक में प्रारूप प्रतिवेदन पर विचार किया और उसे स्वीकार किया। बैठक के कार्यवाही सारांश परिशिष्ट-एक पर दिए गए हैं ।

4. समिति (17वीं लोकसभा) के तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का विश्लेषण परिशिष्ट-दो पर दिया गया है।

नई दिल्ली;
24 जनवरी, 2022
04 माघ, 1943 (शक)

संतोष कुमार गंगवार
सभापति
सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

बारहवां प्रतिवेदन

अध्याय-एक

समिति का यह प्रतिवेदन "भारतीय खाद्य निगम" विषय पर सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के तीसरे प्रतिवेदन (**17**वीं लोक सभा)**,** जिसे **29** जनवरी**, 2021** को संसद में प्रस्तुत किया गया था**,** में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई से संबंधित है। इसमें 34 टिप्पणियां/सिफारिशें अंतर्विष्ट थीं।

2. प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सभी 34 टिप्पणियों/सिफारिशों के संबंध में सरकार से की गई कार्रवाई टिप्पण प्राप्त हो गए हैं। इन्हें निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया गया है-

(एक) टिप्पणियां/सिफारिशें, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया है (अध्याय दो)

क्रम सं**.** 1, 2, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33 और 34 **(**कुल **32)**

(दो) टिप्पणियां/सिफारिशें, जिनके संबंध में सरकार के उत्तरों को देखते हुए समिति आगे कार्रवाई नहीं करना चाहती है। (अध्याय तीन)

शून्य **(**कुल **00)**

(तीन) टिप्पणियां/सिफारिशें, जिनके संबंध में सरकार के उत्तरों को समिति ने स्वीकार नहीं किया है और जिन्हें दोहराए जाने की आवश्यकता है। (अध्याय-चार)

क्रम सं**.** 3 **(**कुल **01)**

(चार) टिप्पणियां/सिफारिशें, जिनके संबंध में सरकार ने अंतरिम उत्तर दिए हैं और अंतिम उत्तर अभी प्रतीक्षित हैं । (अध्याय पांच)

क्रम सं**.** 20 **(**कुल **01)**

3. समिति उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग) से अनुरोध करती है कि वह प्रतिवेदन के अध्याय एक में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों के संबंध में की-गई-कार्रवाई टिप्पण/उत्तर प्रस्तुत करे । आगे समिति यह भी इच्छा व्यक्त करती है कि अध्याय पाँच में अंतर्विष्ट उन टिप्पणियों/सिफारिशों पर 3 महीने के भीतर अंतिम और व्यापक की-गई-कार्रवाई टिप्पण/उत्तर भी प्रस्तुत किए जाएं जिन पर सरकार द्वारा अंतरिम/अधूरी सूचना/उत्तर दिए गए हैं।

4. समिति अब अनुवर्ती पैराओं में कुछेक टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई पर विचार करेगी।

<u>भारतीय खाद्य निगम के निदेशक बोर्ड</u>

सिफारिश (क्रम सं. 2)

5. समिति ने अपने तीसरे प्रतिवेदन में निम्नवत सिफारिश की थी:-

"समिति ने नोट किया कि खाद्य निगम अधिनियम 1964 की धारा 7(1) के अनुसार, भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में 12 निदेशक होंगे, अर्थात्- (क) अध्यक्ष, तीननिदेशक(i) खाद्य (ii) वित्त और (iii) सहकारिता के कार्य को देखने वाले मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करते हैं (ग) केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) के प्रबंध निदेशक (घ) प्रबंध निदेशक, भारतीय खाद्य निगम और (ड़) छह अन्य निदेशक। अधिनियम की धारा 7 के खंड (2) के अनुसार, एमडी, सीडब्ल्यूसी को छोड़कर निगम के सभी निदेशकों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। समिति ने हालांकि यह देखा कि 12 सदस्यों की अनिवार्य संख्या के मुकाबले, केवल नौ सदस्य वास्तव में निगम के बोर्ड में 31 दिसंबर 2019 को पद पर थे।समिति को बोर्ड में रिक्त पदों के विशिष्ट कारणों और इन रिक्तियों को भरने के लिए की-गई-कार्रवाई अथवा की जाने वाली कार्रवाई के बारे में भी अवगत नहीं कराया गया था। इसलिए समिति चाहती है कि मंत्रालय और भारतीय खाद्य निगम इन रिक्तियों के होने की तारीख और इन रिक्त पदों को भरने के लिए अब तक की गई कार्रवाई के साथ बोर्ड में तीन निदेशकों की रिक्तियों के होने के कारणों पर एक विस्तृत नोट प्रस्तुत करें। समिति, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि बोर्ड में रिक्त पदों का

निश्चित रूप से इसके प्रभावी कामकाज पर प्रभाव पड़ेगा, दृढ़ता से अनुशंसा करता है कि बोर्ड में रिक्तियों को खाद्य निगम अधिनियम की धारा 7 के प्रावधानों के अनुसार बिना किसी देरी के समयबद्ध तरीके सेतुरंत भरा जाए। । समिति को मामले में की गई कार्रवाई से तीन महीने की अवधि के भीतर अवगत कराया जाए।"

6. मंत्रालय ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया :-

"समिति की सिफारिश नोट की गई है।गैर-आधिकारिक निदेशक के रिक्त पदों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

इसके अतिरिक्त, यह बताया गया है कि भाखानि निदेशक बोर्ड के **12** सदस्यों की अनिवार्य संख्या के प्रति भाखानि के निदेशक बोर्ड में **11** पद मौजूद हैं चूंकि अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पदों के विलय सी एवं एमडी के रूप में हुआ है। **31** दिसम्बर**, 2019** तक निदेशक बोड के **9** पदों को भरा गया तथा निदेशक बोर्ड के दो पदों को भरने के लिए लंबे समय से अनुमोदन हेतु लोक उद्यम विभाग में दो पैनल लंबित है।

गैर-आधिकारिक निदेशक की नियुक्ति प्रकियाधीन है। किसी नियुक्ति के लिए, यह अपेक्षित है कि डीपीई के पास मामला लाया जाए। यह उल्लिखित है कि डीपीई द्वारा डाटा बैंक रखा जा रहा है तथा व्यक्ति जो अपना नाम डाटा बैंक में शामिल करवाने में इच्छुक है वे अपना रेस्यूमे , डीपीई को यह सुनिश्चित करने के बाद कि इस संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्धारित अर्हता को पूरा करते हैं, भेजने की आवश्यकता है।प्रस्ताव माननीय मंत्री के अनुमोदन के पश्चात डीपीई को खोज (सर्च) समिति के लिए भेजा गया। खोज (सर्च) समिति के विचार के पश्चात नाम डीओपीटी के कैबिनेट की नियुक्ति समिति के समक्ष अंतिम नियुक्ति के लिए रखा जाता है।रिक्त पदों को भरने की इस परामर्शक प्रक्रिया में समय लगता है।"

7. समिति ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के निदेशक मंडल (बीओडी) में रिक्त पदों को देखते हुए यह नोट किया कि 03.12.2019 **तक भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में 12 में से 3 निदेशक के पद रिक्त थे। समिति ने सिफारिश की थी कि बोर्ड में रिक्तियों को खाद्य निगम अधिनियम के धारा** 7 **के प्रावधानों के अनुसार अविलंब समयबद्ध तरीके से भरा जाए। उपभोक्ता मामले**, **खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग) /एफसीआई ने अपनी की-गई-कार्रवाई उत्तर में बताया है कि गैर सरकारी निदेशक के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। स्वतंत्र निदेशकों के 3 पदों के मुद्दे पर समिति को उत्तरों से ज्ञात**

हुआ है कि यह 2019 से अभी तक प्रक्रियाधीन है । यह इस तथ्य के बावजूद है कि लोक उद्यम विभाग (डीपीई) उम्मीदवारों का एक डेटा बैंक रखता है और समय-समय पर सीपीएसयू के बोर्ड में उत्पन्न होने वाली रिक्तियों के बारे में जानकारी रखता है। समिति यह समझने में असमर्थ है कि जब रिक्ति की तिथि की जानकारी डीपीई और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (मेसर्स सीए, एफएंडपीडी) को पहले से होती है और डाटा बैंक की भी व्यवस्था है तो बोर्ड में नियुक्तियों में विलंब क्यों होता है। समिति इस बात पर जोर देती है कि सरकार भविष्य में डीपीई को प्रस्ताव पहले से भेज दे ताकि खोज समिति के गठन की प्रक्रिया और सीपीएसयू के बोर्डों में अंतिम नियुक्ति की प्रक्रिया निश्चित समय सीमा में पूरी की जा सके ताकि विलंबित नियुक्तियों के कारण सीपीएसयू के कार्यकरण पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

सिफारिश (क्रम सं. 3)

8. आगे सिफारिश सं. 3 में समिति ने निम्नवत पाया और सिफारिश की कि:-

"समिति के विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि अधिनियम की धारा **7(1)** स्पष्ट रूप से तीन अलग-अलग मंत्रालयों अर्थात(**i)** खाद्य (**ii)** वित्त और (**iii)** सहकारिता से भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में एक-एक निदेशक की नियुक्ति करने का अनिवार्य प्रतिनिधित्व का प्रावधान करती है। तथापि समिति ने यहभीपायाकि इन मंत्रालयों में से प्रत्येक का प्रतिनिधित्व करने वाले एक आधिकारिक निदेशक के मानदंड के विपरीत, भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में वास्तव में एक ही मंत्रालय से दो अधिकारी - **{(**एएस एंड एफए) और जेएस (पी एंड भारतीय खाद्य निगम)**}** उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय सेहैं और वित्त मंत्रालय से किसीभीअधिकारी को बोर्ड में नियुक्त नहीं किया गया है, जो स्पष्ट रूप से खाद्य निगम अधिनियम, **1964** की धारा **7** के प्रावधानों का उल्लंघन है। अतः समिति को उन कारणों से अवगत कराया जाए जिसमें एक मंत्रालय अर्थात् उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के दो अधिकारियों को भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में नियुक्त किया गया है औरअनिवार्य आवश्यकता के बावजूद बोर्डमें वित्त मंत्रालय से कोई नियुक्ति नहीं कीगईहै। अतः समिति सिफारिश करती है कि सरकार द्वारा खाद्य निगम अधिनियम, **1964** में यथा उपबंधित अनुपात में भारतीय

खाद्य निगम के बोर्ड में प्रत्येक तीन मंत्रालयों के प्रतिनिधित्व को सही करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। समिति को तीन माह के भीतरमामलेपरकीगई कार्रवाई से अवगत कराया जाए।"

9. मंत्रालय ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया:-

"एएस एण्ड एफए/एफए को मंत्रालय में वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधि के रूप में विचार किया जाता है तथा भाखानि निदेशक बोर्ड में नियुक्त किया गया है।."

10. समिति ने नोट किया कि चूंकि भारतीय खाद्य निगम अधिनियम की धारा 7 (1) **में तीन अलग-अलग मंत्रालयों जैसे (**i) **खाद्य (**ii) **वित्त और (**iii) **सहकारिता के अनिवार्य प्रतिनिधित्व का प्रावधान है, लेकिन भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड के गठन में एक ही मंत्रालय अर्थात प्रशासनिक मंत्रालय के भारतीय खाद्य निगम से दो अधिकारी थे और वित्त मंत्रालय से कोई नहीं था। यह अधिनियम की धारा** 7 (1) **में निहित प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है, अतः समिति ने इसके कारण जानने की मांग की और सिफारिश की कि सरकार द्वारा तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं जिसमे भारतीय खाद्य निगम बोर्ड में तीनों मंत्रालयों का प्रतिनिधित्व हो। सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि एएस एंड एफए को वित्त मंत्रालय (एमओएफ) का प्रतिनिधि माना जाता है और तदनुसार उन्हें भारतीय खाद्य निगम के बीओडी में नियुक्त किया गया है। समिति यह पाती है कि उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (एम/ओ सीए, एफएंडपीडी) के एएस एंड एफए को एम/ओ सीए, एफएएंडपीडी के दैनिक प्रशासन में कार्य करते हैं और एक मंत्रालय में पूर्णकालिक नौकरी करने के कारण उन्हें दूसरे मंत्रालय का अधिकारी नहीं माना जा सकता । भारतीय खाद्य निगम अधिनियम में भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधि होने का आशय भारतीय खाद्य निगम में कार्यकरण और निर्णय लेने को अधिक पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाना था न कि बोर्ड की स्वतंत्रता को क्षीण करने के लिए लोक उद्यम विभाग (डीपीई) या एम/ओसीए, एफ एंड पीडी को किसी भी प्रकार की ढील देना**

था। इस पृष्ठभूमि में समिति मंत्रालय में उस प्राधिकारी के विषय में जानना चाहेगी जिसने वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधि के रूप में भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में सीए, एफ एंड पीडी के एएस एंड एफ ए की नियुक्ति पर विचार किया था । समिति मंत्रालय द्वारा दिए गए ऐसे तर्क की निंदा करती है और इच्छा व्यक्त करती है कि मंत्रालय निगम में बोर्ड स्तर पर नियुक्तियों के महत्व को कम समझने और काल्पनिक और अनुपयुक्त तर्कों द्वारा इसे उचित ठहराए जाने के संबंध में गंभीरता से आत्मनिरीक्षण करे । अतः समिति भारतीय खाद्य निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड में नियुक्तियां करने के लिए अपनी सिफारिश को दोहराती है।

सिफारिश (क्रम सं. 4)

11. आगे सिफारिश सं. 4 में समिति ने निम्नवत की:-

"समिति ने नोट किया कि खाद्य निगम अधिनियम की धारा **7(1)** अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान करती है कि भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के अलावा, भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक भी भारतीय खाद्य निगम के निदेशक बोर्ड में सदस्य होंगे।तथापि , समिति नेपाया कि निदेशक बोर्ड की वर्तमान संरचना में भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक शामिल नहीं हैं। समिति का दृढ़ मत है कि खाद्य निगम अधिनियम के प्रावधानों का अनिवार्य रूपसे अनुपालन किया जाना आवश्यक है। इसलिए समिति सिफारिश करती है कि खाद्य निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में बोर्ड में भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक को शामिल करके बोर्ड की संरचना का पुनर्गठन किया जाए।"

12. मंत्रालय ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया:-

"खाद्य निगम अधिनियम **1964** के साथ-साथ भाखानि (कर्मचारीवृंद) अधिनियम **1971** के अनुसार भाखानि के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद अलग हैं।

वर्ष **2003** के दौरान,डीओपीटी द्वारा भाखानि के प्रबंध निदेशक के रूप में श्रीवी.के. मल्होत्रा, आईएएस (यू.पी.**70)** को नियुक्त किया गया। त्पश्चात, वर्ष **2004** में,श्री

वी.के. मल्होत्रा, आईएएस (यू.पी.**70)** को प्रबंध निदेशक के पूर्ण अतिरिक्त प्रभार के साथ अध्यक्ष के रूप में पुनः नियुक्त किया गया । तब से , डीओपीटी द्वारा भाखानि के संस्थानागत शीर्ष की सभी नियुक्तियाँ अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में हुई। निदेशक बोर्ड में भाखानि के प्रबंध निदेशक को शामिल करने की सिफ़ारिश के संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रबंध निदेशक (एमडी) के पद की नियुक्ति किए जाने के मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।."

13. समिति ने अपनी मूल रिपोर्ट में यह पाया कि निदेशक मंडल (बीओडी) की वर्तमान संरचना में भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक शामिल नहीं हैं और सिफारिश की कि खाद्य निगम अधिनियम की धारा 7 (1) **के प्रावधानों के अनुपालन में भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक को बोर्ड में शामिल करने के लिए बोर्ड का पुनर्गठन किया जाए। समिति ने मंत्रालय के की-गई-कार्रवाई उत्तर से यह नोट किया है कि भारतीय खाद्य निगम अधिनियम**, **1964 और भारतीय खाद्य निगम (कर्मचारी) विनियम** 1971 **के अनुसार अध्यक्ष और भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक का पद अलग अलग है**, **लेकिन** 2004 **से अध्यक्ष के रूप में नियुक्त अधिकारी को प्रबंध निदेशक का प्रभार भी दिया जाता है। मंत्रालय ने बताया है कि भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक को निदेशक मंडल में शामिल करने की सिफारिश के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्ति किए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।**

समिति उपभोक्ता मामले, **खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (एम/ओसीए**, **एफ एंड पीडी) द्वारा दिए गए उत्तर से खुश नहीं है जिसकी जिम्मेदारी भारतीय खाद्य निगम अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना और डीओपीटी द्वारा की गई किसी भी ऐसी नियुक्ति पर आपत्ति उठाना था जो भारतीय खाद्य निगम अधिनियम के अनुरूप नहीं है । समिति इस बात पर आशंका भी व्यक्त करती है कि डीओपीटी अधिनियम के प्रावधान के विरुद्ध ऐसी नियुक्तियां कैसे कर सकता है। डीओपीटी या एम/ओसीए**, **एफ और पीडी के पास**

भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड की प्रकृति और संरचना को बदलने का प्राधिकार नहीं है । अतः समिति इस बात पर पुनः जोर देती है कि खाद्य निगम अधिनियम 1964 और भाखानि अधिनियम 1971 के अनुसार भारतीय खाद्य निगम बोर्ड में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का पद अलग-अलग है और इसलिए इन दोनों पदों पर नियुक्तियों को पूर्णत: अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किए जाने की आवश्यकता है।

सिफारिश (क्रम सं. 5)

14. समिति ने अपने तीसरे प्रतिवेदन में निम्नवत सिफारिश की:-

" समिति ने पाया कि दिनांक 31 जुलाई 2013 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 9(15)/2012-जीएम के तहत जारी डीपीईके दिशानिर्देशों के अनुसार, सीपीएसई के बोर्ड में गैर-सरकारी निदेशकों को अन्य लोगों के अलावाऔरअधिक प्रतिष्ठित पेशेवरोंजिन्हें कंपनी के संचालन से संबंधित क्षेत्रों में 15 वर्षों से अधिक का डोमेन अनुभवहो और उद्योग, व्यवसाय या कृषि या प्रबंधन से सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों कोलियाजाए। । इसके अलावा, डीपीई के दिनांक 16.03.1992 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 18(6)/91-जीएम और दिनांक 26.11.2001 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 18(6)/200-जीएम में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान है कि पीएसईके बोर्ड में कम से कम एक तिहाई निदेशक गैर-सरकारी होने चाहिए और कार्यकारी अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में, कम से कम आधे निदेशक स्वतंत्र निदेशक होने चाहिए। समिति ने पाया कि भारतीय खाद्य निगम की बोर्ड संरचना स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए पर्याप्त गुंजाइश देती है, फिर भी बोर्ड की वर्तमान संरचना न तो डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप है और न ही खाद्य निगम अधिनियम के अनिवार्य प्रावधानों के अनुरूप है। समिति ने पाया कि वर्तमान में बोर्ड पर दो गैर-कार्यात्मक निदेशक सेवानिवृत्त सिविल सेवक हैं और जाहिर तौर परबोर्डमें स्वतंत्र निदेशक के रूप में कोई पेशेवर विशेषज्ञ नहीं है। समिति का मानना है कि बोर्ड स्तर पर प्रबंधन विशेषज्ञों और डोमेन विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को शामिल करने से निगम के कामकाज में गुणात्मक परिवर्तन आएगा। यह भारतीय खाद्य निगम जैसे संगठन में भी बहुत अधिक आवश्यक है जो बहुआयामी कार्य कर रहा है, जहां बोर्ड में केवल सेवानिवृत्त सिविल

सेवकों पर बैंकिंग भारतीय खाद्य निगम कोपेशेवरों की डोमेन विशेषज्ञता से वंचित कर देगी।अतः समिति दृढ़ता से इस बात की सिफारिश करती है कि कृषि, खाद्य विज्ञान, खरीद, लोजिस्टिक, भंडारणआदि के क्षेत्रों में सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाले पेशेवरों को भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए । खाद्य निगम अधिनियम के अनिवार्य प्रावधानों और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड की वर्तमान संरचना पुनर्गठित किया जाए।."

15. मंत्रालय ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया:-

"समिति की सिफारिश नोट की गई है। इस संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के परामर्श से लोक उद्यम विभाग और कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग द्वारा भाखानि के निदेशक बोर्ड में गैर-आधिकारिकनिदेशककी अंतिम नियुक्ति होती है। इस विभाग की भूमिका नामों की सिफ़ारिश तक सीमित है जो डीपीई के डाटा बैंक से लिया जाता है। समिति की सिफ़ारिशें डीपीई के साथ परामर्श में विचार/निर्णय हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष रखी जाएंगी।"

16. समिति ने अपने मूल प्रतिवेदन में यह पाया कि भारतीय खाद्य निगम जैसा संगठन, जो बहुआयामी कार्य कर रहा है, प्रबंधन विशेषज्ञों और डोमेन विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को बोर्ड स्तर पर कामकाज में शामिल कर रहा है, निगम की कार्य प्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन लाने में सहायक हो सकता है । अतः समिति ने सिफारिश की कि कृषि, खाद्य विज्ञान, खरीद, लॉजिस्टिक्स , भंडारण आदि क्षेत्रों में अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाले पेशेवरों को भारतीय खाद्य बोर्ड में गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाना चाहिए और खाद्य निगम अधिनियम के अनिवार्य प्रावधानों और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड की वर्तमान संरचना का पुनर्गठन किया जाए । समिति मंत्रालय के उत्तर को नोट करती है कि समिति की को सिफारिश को नोट कर लिया गया है और डीपीई के परामर्श से सक्षम प्राधिकारी के समक्ष विचार करने /निर्णय लेने हेतु रखा जाएगा । समिति यह महसूस

करती है कि स्वतंत्र निदेशकों के पद पर नियुक्त सभी लोगों के पास उद्योग, व्यापार या कृषि या प्रबंधन का अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड होना चाहिए ताकि बोर्ड के कार्यकरण को अधिक पेशेवर और स्वतंत्र बनाया जा सके । अतः समिति अपनी पूर्व सिफारिश पर पुनः जोर देती है कि भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में नियुक्तियों/नामांकनों करते समय इन क्षेत्रों और डोमेन विशेषज्ञता/अनुभव को अनिवार्य अर्हताओं की सूची में शामिल किया जाए ।

सिफारिश (क्रम सं. 6)

17. समिति ने अपने तीसरे प्रतिवेदन में निम्नवत सिफारिश की:-

"समिति यह भी नोट किया है कि बोर्ड में इन राज्यों के अधिकारियों को नियुक्त करके दो प्रमुख उत्पादक राज्यों-पंजाब और मध्य प्रदेश को प्रतिनिधित्व दिया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बोर्ड को क्षेत्र स्तर की स्थितियों का लाभ प्राप्तहोसके। तथापि, समिति ने पाया कि बोर्ड में राज्यों को प्रतिनिधित्व निर्धारित करने के लिए कोई विशिष्ट मानदंड निर्धारित नहीं किया गया है। जैसा कि समिति को सूचित किया गया है, बोर्ड स्तर पर नियुक्ति के लिए डीपीई द्वारा निर्धारित मानदंड राज्यों के अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए लागू होते हैं और किसी भी प्रमुख खाद्य उत्पादक राज्यों के प्रधान सचिव को भारतीय खाद्य निगम के निदेशक मंडल में नियुक्त किया जा सकता है। समिति ने अपने बोर्ड में प्रमुख खाद्य उत्पादक राज्यों के दो प्रतिनिधियों को फील्ड स्तर की स्थितियों का लाभ उठाने के लिए भारतीय खाद्य निगम की आवश्यकता से सहमत होते हुए सिफारिश कीहै कि गेहूं के साथ-साथ धान (चावल) के प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक राज्यों का भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में प्रतिनिधित्व दिया जाएदिया जाना चाहिए ताकि सभी प्रमुख राज्यों को बारी-बारी से बोर्ड में प्रतिनिधित्व मिल सके जिससे भारतीय खाद्य निगम को ठोस परिचालन निर्णय लेने में सुविधा होगी।"

18. मंत्रालय ने अपनेकी-:कार्रवाई उत्तर में निम्नानुसार कहा-गई-

"यह उल्लेख किया गया है कि सभी निदेशकों की नियुक्ति प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा की जाती है। वर्तमान में देशक गेहूं और चावल खरीद राज्यों से भारतीय निम्नलिखित नि 02 - :खाद्य निगम के बोर्ड में हैं

.1 प्रमुख गेहूं खरीद राज्य से श्री फैज अहमद किदवई, प्रधान सचिवए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षणविभाग, मध्य प्रदेश सरकारमध्य प्रदेश ।

2. प्रमुख चावल खरीद राज्य से श्री कोना शशिधर, आयुक्त और पदेन सचिव, उपभोक्ता मामले, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, आंध्र प्रदेशसरकार।।

19. **समिति ने अनुभव किया कि बोर्ड में राज्यों के प्रतिनिधित्व का निर्धारण करने के लिए कोई विशिष्ट मानदंड निर्धारित नहीं किया गया था। समिति ने सिफारिश की थी कि एफसीआई के बोर्ड में गेहूं के साथके प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक राज्यों क (चावल)साथ धान -ो बारीबारी - से प्रतिनिधित्व दिया जाए। समिति मंत्रालय के उत्तर से नोट करती है कि निदेशकों की नियुक्ति प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा की जाती है और वर्तमान में गेहूं और चावल की खरीद करने वाले राज्यों अर्थात मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश से एफसीआई के बोर्ड में दो निदेशक हैं। हालांकि समिति इस बात पर फिर से जोर देती है कि सभी प्रमुख खाद्य उत्पादकखरीदने वाले राज्यों / बारी से प्रतिनिधित्व-को बोर्ड में बारीदिया जाए ताकि एफसीआई क्षेत्र की स्थितियों के अनुसार बेहतर परिचालन निर्णय ले सके।**

<u>खाद्यान्नों का संचालन और वितरण</u>

सिफारिश (क्रम सं. 20)

20. खाद्यानों के संचालन और वितरण से निपटते हुए समिति ने अपने तीसरे प्रतिवेदन में निम्नानुसार सिफारिश की-:

"समितिटिप्पणी करती है कि भारतीय खाद्य निगम का एक प्रमुख कार्य खाद्यान्नों को अधिशेष उत्पादक राज्यों से उपभोग घाटे वाले राज्यों में स्थानांतरित करना है। खाद्यान्नों/ का उचित और नियोजित संचलन सुनिश्चित करता है)i) अधिशेष क्षेत्रों से स्टॉक की निकासी, (ii) एनएफएसए/टीडीपीएस और अन्य योजनाओं के लिए घाटे वाले क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करना, और)iii) घाटे वाले क्षेत्रों में बफर स्टॉक बनाना। समिति आगे टिप्पणीकरती है कि पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश गेहूं की खरीद के मामले में अपने स्वयंके खपत के मामले में अधिशेष राज्य हैं। इसी तरह, पंजाब, हरियाणा, आंध्र

प्रदेशनातेलंगा/, छत्तीसगढ़ और ओडिशा चावल की खरीद के मामले में अपने स्वयं के खपत के मामले में अधिशेष राज्य हैं।इन राज्यों में गेहूं और चावल के अधिशेष स्टॉक को एनएफएसए साथ बफर स्टॉक बनाने के -टीडीपीएस और अन्य योजनाओं के साथ / ज्यों में ले जाया जाता है। लिए आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए घाटे वाले रा) खाद्यान्नों की आवाजाही के लिए परिवहन के विभिन्न साधन हैं।i) मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट मूवमेंट, (ii) कंटेनराइज्ड मूवमेंट, (iii) लॉन्ग रूट रोड ट्रांसपोर्टेशन, (iv) बल्क मूवमेंट आदि। इनके तहत परिचालन सड़क, रेल, तटीय या नदी के रास्ते से किया जाता है। मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट मूवमेंट के तहत, भारतीय खाद्य निगम ने पंजाब से कर्नाटक तक मीट्र 25000िक टन खाद्यान्न के कंटेनरीकृत मल्टीमॉडल तटीय परिचालन की एक पायलट परियोजना शुरू की है। इसी तरह, उसी पायलट प्रोजेक्ट के तहत, कॉनकॉर द्वारा पंजाबसे केरल के चिन्हित केंद्रोंजैसे कोचीन, क्विलोन, आदि से और तमिलनाडु में भी रेक कीपारंपरिक परिचालन की तुलना में लागतलाभ विश्लेषण करने के लिए खाद्यान्न की - आवाजाही की जा रही है।समिति को पता चला है कि भारतीय खाद्य निगम ने जलमार्गों का उपयोग करते हुए आवाजाही बढ़ाने के लिए भी कई पहल की हैं। हालांकि, तथ्य यह है कि खाद्यान्न की आवाजाही के लिए रेल आवाजाही काफी सस्ता और किफायती तरीका है। भारतीय खाद्य निगम की लगभग 85% आवाजाही रेल के माध्यम से होती है। भारतीय खाद्य निगम लगभग रु. पूरे भारत में खाद्यान्न के परिवहन के लिए सालाना 10,000 करोड़ रुपये, जिसमें से रु.8,500 करोड़ अकेले भारतीय रेलवे को जाता है। समिति परिवहन लागत को कम करने और सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए परिवहन के प्रमुख साधनों/मार्गों की परिचालन व्यवहार्यता और आर्थिक व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए परिचालन-लागत अर्थशास्त्र पर एक स्वतंत्र अध्ययन आयोजित करने की सिफारिश करती है। . समिति पंजाब से दक्षिण में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में कंटेनरीकृत 108 तटीयपरिचालन की लागत अर्थशास्त्र का निर्धारण करने के लिए शुरू की गई पायलट परियोजनाओं के परिणामों से भी अवगत होना चाहेगी

21. मंत्रालय ने अपनी की-:कार्रवाई में निम्नानुसार कहा-गई-

"भारतीय खाद्य निगम ने मल्टीमॉडल कोस्टलनदी के माध्यम से खाद्यान्न ले जाने की / सड़क /व्यवहार्यता की खोज में पहल की है ताकि तटीय आवाजाही के माध्यम से रेल आवाजाही को पूरक बनाया जा सके।

आंकड़े मी.टन में

वर्ष	एक्स-आंध्रप्रदेश से केरल तक मल्टीमॉडल तटीय परिचालन
2018-19	45,132
2019-20	55,554
2020-21	35,776
कुल	**2,79,586**

भारतीय खाद्य निगम ने कॉनकॉरएसोसिएट्स के माध्यम से कुछ मार्गों पर खाद्यान्नों की / कंटेनरीकृत आवाजाही भी शुरू की है, जिसमें यह पारंपरिक रेलवे रेक की तुलना में किफायती पाया गया है।

वर्ष	**परिचालित कंटेनर रेकों की संख्या**	**माल ढुलाई बचत (लाख रुपये में)**
2016-17	13	44
2017-18	134	662
2018-19	167	796
2019-20	309	694
2020-21	296	480
कुल	**919**	**2,676**

कॉनकॉर के माध्यम से प्रायोगिक आधार पर मार्च'19 से मार्च'20 तक पायलट प्रोजेक्ट के तहत मल्टीमॉडल कंटेनरीकृत मोड का उपयोग करके कुल बारह)12) रेक 27,912 एमटको भी पंजाब से कर्नाटक ले जाया गयाथा।भारतीय खाद्य निगम ने पंजाब क्षेत्र के नामित डिपो से केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में नामित डिपो के लिए मल्टीमॉडल तटीय परिचालन के तहत अनाज की आवाजाही के लिए मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों की नियुक्ति के लिए तीन (3) निविदा जांच(Tender Enquiry) शुरू की, लेकिन किसी भी में कोई बोली प्राप्त नहीं हुई थी।

22. **समिति ने अपने मूल प्रतिवेदन में अनुभव किया था कि एफसीआई का 8प्रतिशत 5 परिवहन रेल के माध्यम से होता है। हालांकि, एफसीआई ने परिवहन लागत को कम करने के लिए जलमार्गों का उपयोग करके आवाजाही बढ़ाने के लिए कई पहल की हैं। समिति ने परिवहन लागत को कम करने और सरकारी राजकोष पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए परिवहन के प्रमुख साधनोंमार्गों की परिचालन व्यवहार्यता और आर्थिक व्यवहार्/यता को ध्यान में रखते हुए परिवहन लागत-अर्थशास्त्र पर एक स्वतंत्र अध्ययन करने के लिए सरकार से सिफारिश की थी। समिति ने इच्छा जताई कि पंजाब से दक्षिण में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में कंटेनरीकृत तटीय परिवहन की लागत अर्थशास्त्र का निर्धारण करने के लिए शुरू की गई पायलट परियोजनाओं के परिणाम से उसे अवगत कराया जाए। मंत्रालय ने उत्तर दिया है कि एफसीआई ने कॉनकॉर एसोसिएट्स के माध्यम से कुछ मार्गों पर खाद्यान्नों की कंटेनरीकृत/परिवहन शुरू किया है, जिसमें इसे पारंपरिक रेलवे रेक की तुलना में किफायती पाया गया है। हालांकि, समिति ने पाया कि मंत्रालय ने परिवहनलागत अर्थशास्त्र पर एक स्वतंत्र अध्ययन कराने के लिए - समिति की सिफारिश पर अपनाउत्तर प्रस्तुत नहीं किया है। समिति, सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को स्वीकार करते हुए, एक स्वतंत्र अध्ययन करने के लिए अपनी पूर्व की सिफारिश पर फिर से जोर देती है और समिति को जल्द से जल्द उसके परिणाम से अवगत कराया जाए। समिति को कॉनकॉर के माध्यम से प्रायोगिक आधार पर मार्च, 2019 से मार्च, 2020 की अवधि के बीच एफसीआई द्वारा शुरू की गई पायलट परियोजनाओं के परिणामों से भी अवगत कराया जाए।**

<u>खाद्यान्नों की गुणवत्ता जांच</u>

(सिफारिश 28क्रम संख्या)

23. समिति ने अपने तीसरे प्रतिवेदन में निम्नानुसार अनुभव किया और सिफारिश की थी।

"समिति ने नोट किया कि गुणवत्ता जांच के लिए मशीनीकृत प्रक्रिया शुरू करने की दृष्टि से, एफसीआई ने सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सीडीएसी), कोलकाता द्वारा विकसित खरीदे हैं और इसे (अन्नदर्पण स्मार्ट)कम्प्यूटरीकृत चावल विश्लेषक 30 (केएमएस)खरीफ विपणन मौसम 2017-18 के दौरान पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश,

उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश जैसे 30प्रमुख खरीद क्षेत्रों के 07 स्थानों पर उपलब्ध कराया है तथा इन स्थानों पर चावल की स्वीकृति कम्प्यूटरीकृत चावल विश्लेषक 2018के माध्यम से की गई। केएमएस (सीआरए)-के दौरान 19, सीआरए को बड़े केंद्रों में शिफ्ट कर दिया गया और इसके माध्यम से चावल की स्वीकृति की गई। समिति ने नोट किया कि एफसीआई ने एफसीआई प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए सीएफटीआरआई, मैसूर के साथ एक समझौता किया है।दोनों पक्षों द्वारा सीएनपी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे और प्रमुख प्रयोगशाला उपकरणों की आपूर्ति के लिए 10.12. को नई निविदा 2018 जारी की गई थी, जिसके संबंध में तकनीकी बोली 03.01.को खोली गई थी और 2019 तकनीकी मूल्यांकन तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा किया जा रहा था। समिति को ए आवंटित आगे पता चला कि गुरुग्राम में अपनी प्रयोगशाला के आधुनिकीकरण के लि धन का उपयोग नहीं किया जा सका और इसलिए शेष बजट को आईएफएस गुरुग्राम में क्यूसी लैब के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित किया गया था। समिति एफसीआई के दृष्टिकोण से सहमत है कि उन्नत देशों में भी खाद्यान्न की गुणवत्ता की जांच करने के लिए कोई सिद्ध तकनीक नहीं है और वर्तमान सीआरए प्रौद्योगिकीकीअपनी सीमाएं हैं। फिर भी समिति समझती है कि इतनी बड़ी मात्रा में खाद्यान्न की गुणवत्ता भौतिक मानव निरीक्षण के माध्यम से सुनिश्चित नहीं की जा सकती है, परंतु केवल तकनीकी हस्तक्षेप के माध्यम से गुणवत्ता जांच द्वारा सुनिश्चित की जा सकती है। समिति को सीएफटीआरआई, मैसूर के साथ हस्ताक्षरित समझौते में हुई प्रगति से अवगत कराया जाए। समिति ने सिफारिश की कि भारतीय खाद्य निगम की प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए और खाद्यान्नों की प्रभावी गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक उपयुक्त प्रौद्योगिकी विकसित करने की आवश्यकता है ताकि देश में गरीब परिवारों सहित इच्छित लाभार्थियों को बेहतर गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।"

24. -:कार्रवाई उत्तर में निम्नानुसार कहा-गई-मंत्रालय ने अपने की

"सभी एफसीआई डिपोआंचलिक क/क्षेत्रीय कार्यालय/जिला कार्यालय/ार्यालय खाद्यान्न के नमूनों के भौतिक मानकों का परीक्षण करने के लिए इक्विप्डहैं। भौतिक मापदंडों के अलावा, रासायनिक मापदंडों का भी परीक्षण किया जाना है, इसलिए एफसीआई ने माइकोटॉक्सिन, यूरिक एसिड, मैलाथियान की अवशिष्ट विषाक्तता, डेल्टामेथ्रिन और एल्युमिनियम फॉस्फाइड के परीक्षण के दायरे के साथ खाद्य सुरक्षा संस्थान

आधुनिक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला स्थापित की है -गुरुग्राम में एक अति (आईएफएस) सके। ताकि पीडीएस लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जा

इसी तरह, परीक्षण के दायरे के साथ विभिन्न आंचलिक कार्यालयों अर्थात आंचलिक कार्यालय (उत्तर), नोएडा (दक्षिण)आंचलिक कार्यालय /, चेन्नई आंचलिक कार्यालय / (पूर्व), कोलकाता और आंचलिक कार्यालय (पश्चिम), मुंबई के तहत चार और प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण के लिए कार्रवाई शुरू की गई है। fortified चावल में मौजूद फोर्टिफिकेंट्स के स्तर सहित खाद्यान्नों में कीटनाशकों के अवशेषों, मायकोटॉक्सिन, यूरिक एसिड का स्तर ताकि fortified चावल की गुणवत्ता के परीक्षण के लिए आंतरिक क्षमता विकसित की जा सके। इस संबंध में संबंधित आंचलिक कार्यालयों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश के साथ उपयुक्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

खाद्यान्नों का रासायनिक परीक्षण करने के लिए सभी एफसीआई क्षेत्रीय कार्यालयों ने एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के साथ एफएसएसएआई मानकों और फोर्टिफाइड चावल के मामले में फोर्टिफिकेंट्स के परीक्षण के लिए समझौता किया है। गुणवत्ता की जांच के लिए नियमित आधार पर ऐसे थर्ड पार्टी लैब में सैंपल भेजे जा रहे हैं।"

25. समिति ने विषय की जांच करने की इच्छा जताते हुए महसूस किया कि खाद्यान्न की भारी मात्रा की गुणवत्ता भौतिक मानव निरीक्षण के माध्यम से सुनिश्चित नहीं की जा सकती है, इसे केवल तकनीकी हस्तक्षेप के माध्यम से गुणवत्ता जांच द्वारा सुनिश्चित किया जा सकता है। समिति ने तदनुसार सिफारिश की थी कि एफसीआई प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए और खाद्यान्न की प्रभावी गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक उपयुक्त तकनीक विकसित करने की आवश्यकता है ताकि लक्षित लाभार्थियों को बेहतर गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। समिति ने इच्छा व्यक्त की कि उसे सीएफटीआरआई, मैसूर के साथ किए गए समझौते के संबंध में हुई प्रगति के बारे में भी अवगत कराया जाए। मंत्रालय ने अपनी की-गई-कार्रवाई के उत्तर में खाद्य सुरक्षा संस्थान)आईएफएस) गुरुग्राम में गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला के अतिआधुनिकीकरण-; फोर्टिफाइड चावल के मामले में एफएसएसएआई मानकों और फोर्टिफिकेंट्स के परीक्षण हेतु एनएसीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के साथ समझौते के साथ विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के तहत चार प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण की शुरुआत के बारे में अवगत कराया। हालांकि मंत्रालय ने सीएफटीआरआई, मैसूर के साथ किए गए समझौते में हुई प्रगति से अवगत कराने के

संबंध में समिति की सिफारिश का उत्तर नहीं दिया है। समिति ने एफसीआई द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को स्वीकार करते हुए इच्छा जताई कि उसे एफसीआई प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में हुई वास्तविक प्रगति और सीएफटीआरआईमैसूर , की परामर्श रिपोर्ट में किए गए प्रस्तावों के अनुरूप सीएफटीआरआई, मैसूर के साथ किए गए समझौते में हुई प्रगति से भी अवगत कराया जाए।

<u>सीपीएसयू से लेखापरीक्षा पैरा और देय राशि का निपटान</u>

सिफारिश 33क्रम संख्या))

26. समिति ने अपने तीसरे प्रतिवेदन में निम्नानुसा अनुभव औरसिफारिश की थी-:

"समिति ने नोट किया कि 2015-के दौरान सीएण्डएजी द्वारा दो निष्पादनऔर तीन 16 वाणिज्यिक लेखापरीक्षा रिपोर्टें जारी की गई थीं। प्रमुख अवलोकन गंभीर मुद्दों जैसे कि आकस्मिक शुल्क, सोसायटीजको कमीशन, साइलो का उपेष्टतम उपयोग, बोरेका प्रबंधन और सड़क परिवहन अनुबंध, आदि से संबंधित थे। समिति ने तथापि नोट किया कि सीएण्डएजी ने पैरा 113के बीच अपनी रिपोर्ट में एफसीआई पर लगभग 2018से 2013 पैरा 89पैरा बंद कर दिए गए हैं तथा 12पैराओं में से केवल 113उठाए थे। उठाए गए मंत्रालय और नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के पास लंबित हैं। एफसीआई के पैरा 12 अभी भी उत्तर लंबित हैं। समिति का विचार है कि लेखापरीक्षा पैराओं की संख्या संस्थान की ओर से कमिशन,चूक और उल्लंघन को दर्शाती है जिसे जल्द से जल्द सुधाराके दौरान 2015सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए। समिति ने आगे नोट किया कि / सीएण्डएजी द्वारा उठाए गए पैरा अभी भी मंत्रालय और 30पैराओं में से 44 पैरा अभी भी जवाब लंबित हैं। इसी 6सीएण्डएजी के पास लंबित हैं तथा एफसीआई से अभी भी 51पैराओं में से 54के दौरान सीएण्डएजी द्वारा उठाए गए 2017प्रकार क 2017मंत्रालय के पास लंबित हैं। इसी प्रकार े दौरान सीएण्डएजी द्वारा उठाए गए अभी भी मंत्रालय के पास लंबित हैं। यह नियंत्रक एवं महालेखा 51पैराओं में से 54 गंभीरता को दर्शाता है। -मंत्रालय की ढिलाई और गैर/परीक्षक की टिप्पणियों पर एफसीआई महीने के भीतर सीएण्डएजी के लंबित लेखापरीक्षा पै 03समिति अधिमानतः रा के निपटान में तेजी लाने की पुरजोर सिफारिश करती है।

27. -:कार्रवाई उत्तर में निम्नानुसार कहा-गई-मंत्रालय ने अपने की

"पिछले पैरा के प्रति-उप/पैरा 113सीएजी लेखापरीक्षा रिपोर्टों में उठाए गए 6वर्षों में 7; की स्थिति के अनुसार 2021जून 24, 93पैरासी एंड एजी /पैराओं के उत्तर मंत्रालय-उप/ के पास प्रस्तुत किए गए थे; पैरा बंद हैं। 12

जहां तक लंबित पैरा का संबंध है-उप/पैरा 8, उत्तरों की तैयारी प्रक्रियाधीन है और इसे मंत्रालय के पास प्रस्तुत किया जाएगा। ये लंबित 'पुनरीक्षण टिप्पणियां' आगे की टिप्पणियोंलिए एफसीआई को अग्रेषित की जाती हैं स्पष्टीकरण के/अतिरिक्त जानकारी/, जो उनकी तीसरी से छठे स्तरपरहै।"

28. समिति ने बड़ी संख्या में लेखापरीक्षा पैरा के लंबन को देखते हुए, लंबित सीएजी लेखापरीक्षा पैराओं के शीघ्र निपटान की पुरजोर सिफारिश की थी। मंत्रालय एफसीआई ने/ गत 7 वर्षों में 6 सीएजी प्रतिवेदन में सूचित किए गए 113 लेखापरीक्षा पैराओं का लेखाजोखा - देते हुए कहा है कि93 पैरा मंत्रालय सीएजी के/समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं; 12 पैरा बंद हो चुके हैं; 8 पैरा प्रक्रियाधीन हैं और मंत्रालय को भेज दिए जाएंगे। समिति ने मंत्रालय के उत्तर से अनुभव किया है कि लेखापरीक्षा पैराओं के निपटान में वस्तुतः कोई प्रगति नहीं हुई है क्योंकि उक्त पैराओं के शीघ्र निपटान की सिफारिश करते समय समिति 12 पैराओं के बंद होने की स्थिति से बहुत अच्छी तरह से अवगत थी। इसलिए समिति इस बात पर खेद व्यक्त करती है कि स्पष्ट रूप से एफसीआईत्रालय द्वारा इन लेखापरीक्षा पैराओं को शीघ्र निपटाने के लिए मं/ कोई गंभीर प्रयास नहीं किए गए हैं। इसलिए समिति इस बात पर फिर से जोर देती है कि मंत्रालय जल्द से जल्द सभी/एफसीआईनिपटाए नहीं गए लेखापरीक्षा पैराओं को निपटाने के लिए उपचारात्मक कदम उठाए और तब तक मंत्रालय को इसकी प्रगति की साप्ताहिक निगरानी करनी चाहिए। मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने के लिए भी निगरानी करनी चाहिए कि एफसीआई ने सुधारात्मकसुधारात्मक कदम उठाए हैं और सीएजी द्वारा उठाए गए मुद्द/ोंं की पुनरावृत्ति न होना भी सुनिश्चित करना चाहिए। इस प्रकार की गई कार्रवाई से समिति को अवगत कराया जाए।

अध्याय दो

सिफारिशें/टिप्पणियाँ जो सरकार द्वारा स्वीकार कर ली गई हैं

<u>भारतीय खाद्य निगम- संक्षिप्त विवरण</u>

सिफारिश (क्र.स. 1)

समिति ने नोट किया कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जिसे 'खाद्य निगम अधिनियम, 1964' अधीन स्थापित किया गया था। यह 1 जनवरी, 1965 को अस्तित्व में आया। भारतीय खाद्य निगम खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहा है। भारतीय खाद्य निगमके कार्यों में मुख्य रूप से केंद्र सरकार की ओर से खाद्यान्न की खरीद, भंडारण, ढुलाई और वितरण शामिल है। खाद्यान्न न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाता है और केंद्रीय निर्गम मूल्य (सीआईपी) पर वितरित किया जाता है। समिति का मानना है कि 1964 से लंबी यात्रा के दौरान भारतीय खाद्य निगम देश भर में अपने अनिवार्य कार्यों का निष्पादन कर रहा है। समिति ने एक संगठन के रूप में भारतीय खाद्य निगम की व्यापक जांच की है तथा संगठन के प्रबंधन से संबंधित कई मुद्दों और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में खाद्यान्नों की खरीद, भंडारण, ढुलाई और वितरण और बफर स्टॉक के रखरखाव के क्षेत्रों में इसके कार्यों से संबंधित मुद्दों को छुआ है। समिति यह भी देखती है कि भारत सरकार ने अगस्त 2014 में श्री शांता कुमार की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) का गठन किया था जिसने भारतीय खाद्य निगम की प्रचालन दक्षता और वित्तीय प्रबंधन एवं भारतीय खाद्य निगम द्वारा खाद्यान्नों के प्रबंधन में समग्र रूप से सुधार लाने के लिए उसके पुनर्गठन का सुझाव दिया था। इसके साथ देश के खाद्यान्नों और खाद्य सुरक्षा प्रणालियों के एमएसपी ऑपरेशन्स, भंडारण और वितरण में भारतीय खाद्य निगम की भूमिका और कार्यों को पुनर्निर्देशित करना; और देश में अनाज के भंडारण और ढुलाई और खाद्यान्न की आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण के लिए लागत प्रभावी मॉडल का सुझाव दिया। एचएलसी ने अपनी रिपोर्ट में खरीद, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, स्टॉकिंग और परिचालन, बफर स्टॉकिंग ऑपरेशन्स और परिसमापन नीति, श्रम, किसानों को सीधी सब्सिडी, एंड टू एंड कम्प्यूटरीकरण और भारतीय खाद्य निगमके नएरूप से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर सिफारिशें दी थीं। सार्वजनिक उपक्रमों की समिति ने भारतीय खाद्य निगम की विस्तार से जांच करते हुए एचएलसी की सिफारिशों का भी गहन विश्लेषण किया है और पाया है कि एचएलसी द्वारा भारतीय खाद्य निगम के कामकाज में

सुधार के लिए बहुत उपयोगी और ठोस सुझाव दिए गए थे। समिति एचएलसी के सुझावों का समर्थन करती है और उम्मीद करती है कि सरकार आम जनता के लाभ के लिए इस पर निर्णायक कार्रवाई करेगी इस रिपोर्ट के भाग-I में वर्णित भारतीय खाद्य निगम के कामकाज के विभिन्न पहलुओं की जांच पर समिति ने अनुवर्ती पैराग्राफों में अपनी टिप्पणी और सिफारिशें दी हैं और उम्मीद है कि इन्हें भारतीय खाद्य निगम और सरकार द्वारा सही परिप्रेक्ष्य में लागू किया जाएगा ताकि निगम के कामकाज में महत्वपूर्ण सुधार लाया जा सके ताकि सरकार की नीति का लाभ समाज के सबसे गरीब और हाशिए के वर्ग के लोगों तक लाभकारी तरीके से पहुंचे।

सरकार का उत्तर

भारत सरकार ने दिनांक 20.08.2014 के आदेश के माध्यम से भारतीय खाद्य निगम के पुनर्गठन पर सिफारिश करने के लिए श्री शांता कुमार, माननीय सांसद (लोकसभा) की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। एचएलसी ने दिनांक 21.01.2015 को अपनी रिपोर्ट माननीय प्रधान मंत्री को सौंप दी है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने अपने दिनांक 19.05.2015के पत्र के माध्यम से भारतीय खाद्य निगम के पुनर्गठन पर उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) की सिफारिशों पर सरकार के निर्णयों से अवगत कराया है। इसके बाद, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सीए, एफ एंड पीडी) ने अपने दिनांक 02.06.2015 पत्र संख्या 14(1)/2014-Py.I के माध्यम से भारतीय खाद्य निगम से संबंधित एचएलसी की स्वीकार्य सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना अग्रेषित की है।

भारतीय खाद्य निगम से संबंधित एचएलसी की स्वीकार्य सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना की स्थिति (31.05.2021 तक) **अनुबंध-क** के साथ संलग्न है।

साइलो निर्माण के संबंध में, उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशें, भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय और भारतीय खाद्य निगम द्वारा की गई कार्रवाई **अनुबंध-ख** पर संलग्न हैं।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]

(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक **30.07.2021)**

<u>भारतीय खाद्य निगम का निदेशक बोर्ड</u>

सिफारिश (क्र.स. 2)

2. समिति ने नोट किया कि खाद्य निगम अधिनियम 1964 की धारा 7(1) के अनुसार, भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में 12 निदेशक होंगे, अर्थात्- (क) अध्यक्ष, तीन निदेशक(i) खाद्य (ii) वित्त और (iii) सहकारिता के कार्य को देखने वाले मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करते हैं (ग) केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) के प्रबंध निदेशक (घ) प्रबंध निदेशक, भारतीय खाद्य निगम और (ड़) छह अन्य निदेशक। अधिनियम की धारा 7 के खंड (2) के अनुसार, एमडी, सीडब्ल्यूसी को छोड़कर निगम के सभी निदेशकों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। समिति ने हालांकि यह देखा कि 12 सदस्यों की अनिवार्य संख्या के मुकाबले, केवल नौ सदस्य वास्तव में निगम के बोर्ड में 31 दिसंबर 2019 को पद पर थे। समिति को बोर्ड में रिक्त पदों के विशिष्ट कारणों और इन रिक्तियों को भरने के लिए की गई कर्रवाई अथवा की जाने वाली कार्रवाई के बारे में भी अवगत नहीं कराया गया था। इसलिए समिति चाहती है कि मंत्रालय और भारतीय खाद्य निगम इन रिक्तियों के होने की तारीख और इन रिक्त पदों को भरने के लिए अब तक की गई कार्रवाई के साथ बोर्ड में तीन निदेशकों की रिक्तियों के होने के कारणों पर एक विस्तृत नोट प्रस्तुत करें। समिति, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि बोर्ड में रिक्त पदों का निश्चित रूप से इसके प्रभावी कामकाज पर प्रभाव पड़ेगा, दृढ़ता से अनुशंसा करता है कि बोर्ड में रिक्तियों को खाद्य निगम अधिनियम की धारा 7 के प्रावधानों के अनुसार बिना किसी देरी के समयबद्ध तरीके से तुरंत भरा जाए। समिति को मामले में की गई कार्रवाई से तीन महीने की अवधि के भीतर अवगत कराया जाए।

सरकार का उत्तर

समिति की सिफारिश नोट की गई है। गैर-आधिकारिक निदेशक के रिक्त पदों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

इसके अतिरिक्त, यह बताया गया है कि भाखानि निदेशक बोर्ड के 12 सदस्यों की अनिवार्य संख्या के प्रति भाखानि के निदेशक बोर्ड में 11 पद मौजूद हैं चूंकि अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पदों के विलय सी एवं एमडी के रूप में हुआ है। 31 दिसम्बर, 2019 तक निदेशक बोड के 9 पदों को भरा गया तथा निदेशक बोर्ड के दो पदों को भरने के लिए लंबे समय से अनुमोदन हेतु लोक उद्यम विभाग में दो पैनल लंबित है।

गैर-आधिकारिक निदेशक की नियुक्ति प्रकियाधीन है । किसी नियुक्ति के लिए, यह अपेक्षित है कि डीपीई के पास मामला लाया जाए । यह उल्लिखित है कि डीपीई द्वारा डाटा बैंक रखा जा रहा है तथा व्यक्ति जो अपना नाम डाटा बैंक में शामिल करवाने में इच्छुक है वे अपना आत्मविवरण (Resume), डीपीई को यह सुनिश्चित करने के बाद कि इस संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्धारित अर्हता को पूरा करते हैं। प्रस्ताव माननीय मंत्री के अनुमोदन के पश्चात डीपीई को खोज (सर्च) समिति के लिए भेजा गया । खोज (सर्च) समिति के विचार के पश्चात नाम डीओपीटी के कैबिनेट की नियुक्ति समिति के समक्ष अंतिम रूप से नियुक्ति के लिए रखा जाता है। रिक्त पदों को भरने की इस परामर्शक प्रक्रिया में समय लगता है।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

समिति की टिप्पणी

(कृपया प्रतिवेदन के अध्याय 1 का पैरा 7 देखें)

सिफारिश (क्रम स.4)

3. समिति ने नोट किया कि खाद्य निगम अधिनियम की धारा 7(1) अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान करती है कि भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के अलावा, भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक भी भारतीय खाद्य निगम के निदेशक बोर्ड में सदस्य होंगे। तथापि , समिति ने पाया कि निदेशक बोर्ड की वर्तमान संरचना में भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक शामिल नहीं हैं। समिति का दृढ़ मत है कि खाद्य निगम अधिनियम के प्रावधानों का अनिवार्य रूपसे अनुपालन किया जाना आवश्यक है। इसलिए समिति सिफारिश करती है कि खाद्य निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में बोर्ड में भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक को शामिल करके बोर्ड की संरचना का पुनर्गठन किया जाए।

सरकार का उत्तर

खाद्य निगम अधिनियम 1964 के साथ-साथ भाखानि (कर्मचारी वृंद) अधिनियम 1971 के अनुसार भाखानि के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद अलग हैं।

वर्ष 2003 के दौरान, डीओपीटी द्वारा भाखानि के प्रबंध निदेशक के रूप में श्री वी.के. मल्होत्रा, आईएएस (यू.पी.70) को नियुक्त किया गया। तत्पश्चात, वर्ष 2004 में, श्री वी.के.

मल्होत्रा, आईएएस (यू.पी.70) को प्रबंध निदेशक के पूर्ण अतिरिक्त प्रभार के साथ अध्यक्ष के रूप में पुनः नियुक्त किया गया । तब से, डीओपीटी द्वारा भाखानि के संस्थानागत शीर्ष की सभी नियुक्तियाँ अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में हुई।

निदेशक बोर्ड में भाखानि के प्रबंध निदेशक को शामिल करने की सिफ़ारिश के संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रबंध निदेशक (एमडी) के पद की नियुक्ति किए जाने के मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

समिति की टिप्पणी

(कृपया प्रतिवेदन के अध्याय 1 का पैरा 13 देखें)

सिफारिश (क्रम स.5)

4. समिति ने पाया कि दिनांक 31 जुलाई 2013 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 9(15)/2012-जीएम के तहत जारी डीपीईके दिशानिर्देशों के अनुसार, सीपीएसई के बोर्ड में गैर-सरकारी निदेशकों को अन्य लोगों के अलावा और अधिक प्रतिष्ठित पेशेवरों जिन्हें कंपनी के संचालन से संबंधित क्षेत्रों में 15 वर्षों से अधिक का डोमेन अनुभव हो और उद्योग, व्यवसाय या कृषि या प्रबंधन से सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों को लिया जाए। । इसके अलावा, डीपीई के दिनांक 16.03.1992 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 18(6)/91-जीएम और दिनांक 26.11.2001 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 18(6)/200-जीएम में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान है कि पीएसईके बोर्ड में कम से कम एक तिहाई निदेशक गैर-सरकारी होने चाहिए और कार्यकारी अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में, कम से कम आधे निदेशक स्वतंत्र निदेशक होने चाहिए। समिति ने पाया कि भारतीय खाद्य निगम की बोर्ड संरचना स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए पर्याप्त गुंजाइश देती है, फिर भी बोर्ड की वर्तमान संरचना न तो डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप है और न ही खाद्य निगम अधिनियम के अनिवार्य प्रावधानों के अनुरूप है। समिति ने पाया कि वर्तमान में बोर्ड पर दो गैर-कार्यात्मक निदेशक सेवानिवृत्त सिविल सेवक हैं और जाहिर तौर पर बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में कोई पेशेवर विशेषज्ञ नहीं है। समिति का मानना है कि बोर्ड स्तर पर प्रबंधन विशेषज्ञों और डोमेन विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को शामिल करने से निगम के कामकाज में गुणात्मक परिवर्तन आएगा। यह भारतीय खाद्य निगम

जैसे संगठन में भी बहुत अधिक आवश्यक है जो बहुआयामी कार्य कर रहा है, जहां बोर्ड में केवल सेवानिवृत्त सिविल सेवकों पर बैंकिंग भारतीय खाद्य निगम को पेशेवरों की डोमेन विशेषज्ञता से वंचित कर देगी। अतः समिति दृढ़ता से इस बात की सिफारिश करती है कि कृषि, खाद्य विज्ञान, खरीद, लोजिस्टिक, भंडारण आदि के क्षेत्रों में सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाले पेशेवरों को भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए । खाद्य निगम अधिनियम के अनिवार्य प्रावधानों और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड की वर्तमान संरचना पुनर्गठित किया जाए।

सरकार का उत्तर

समिति की सिफारिश नोट की गई है। इस संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के परामर्श से लोक उद्यम विभाग और कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग द्वारा भाखानि के निदेशक बोर्ड में गैर-आधिकारिक निदेशक की अंतिम नियुक्ति होती है। इस विभाग की भूमिका नामों की सिफ़ारिश तक सीमित है जो डीपीई के डाटा बैंक से लिया जाता है। समिति की सिफ़ारिशें डीपीई के साथ परामर्श में विचार/निर्णय हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष रखी जाएंगी।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

समिति की टिप्पणी

(कृपया प्रतिवेदन के अध्याय 1 का पैरा 16 देखें)

सिफारिश (क्र. सं. 6)

5. समिति ने यह भी नोट किया है कि बोर्ड में इन राज्यों के अधिकारियों को नियुक्त करके दो प्रमुख उत्पादक राज्यों-पंजाब और मध्य प्रदेश को प्रतिनिधित्व दिया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बोर्ड को क्षेत्र स्तर की स्थितियों का लाभ प्राप्त हो सके। तथापि, समिति ने पाया कि बोर्ड में राज्यों को प्रतिनिधित्व निर्धारित करने के लिए कोई विशिष्ट मानदंड निर्धारित नहीं किया गया है। जैसा कि समिति को सूचित किया गया है, बोर्ड स्तर पर नियुक्ति के लिए डीपीई द्वारा निर्धारित मानदंड राज्यों के अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए लागू होते हैं और किसी भी प्रमुख खाद्य उत्पादक राज्यों के प्रधान सचिव को भारतीय

खाद्य निगम के निदेशक मंडल में नियुक्त किया जा सकता है। समिति ने अपने बोर्ड में प्रमुख खाद्य उत्पादक राज्यों के दो प्रतिनिधियों को फील्ड स्तर की स्थितियों का लाभ उठाने के लिए भारतीय खाद्य निगम की आवश्यकता से सहमत होते हुए सिफारिश की है कि गेहूं के साथ-साथ धान (चावल) के प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक राज्यों का भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में प्रतिनिधित्व दिया जाए ताकि सभी प्रमुख राज्यों को बारी-बारी से बोर्ड में प्रतिनिधित्व मिल सके जिससे भारतीय खाद्य निगम को ठोस परिचालन निर्णय लेने में सुविधा होगी।

सरकार का उत्तर

यह उल्लेखकिया गया है कि सभी निदेशकों की नियुक्ति प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा की जाती है। वर्तमान में 02 निम्नलिखित निदेशक गेहूं और चावल खरीद राज्यों से भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में हैं: -

1 प्रमुख गेहूं खरीद राज्य सेश्री फैज अहमद किदवई, प्रधान सचिवए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मध्य प्रदेश सरकार मध्य प्रदेश ।

2. प्रमुख चावल खरीद राज्य से श्री कोना शशिधर, आयुक्त और पदेन सचिव, उपभोक्ता मामले, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, आंध्र प्रदेश सरकार।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

समिति की टिप्पणी

(कृपया प्रतिवेदन के अध्याय 1 का पैरा 19 देखें)

सिफारिश (क्र. सं. 7)

6. समिति ने देखा कि भारतीय खाद्य निगम की कार्यकारी समिति (ईसी) जो निगम की क्षमता के भीतर किसी भी मामले से निपटने के लिए सक्षम है, में तीन सरकारी और एक गैर-सरकारी निदेशक शामिल हैं। समिति का सुविचारित विचार है कि चूंकि कार्यकारी समिति निगम के लगभग सभी मामलों से निपटने के लिए सक्षम है, कम से कम गैर-सरकारी निदेशक को खरीद, भंडारण, संरक्षण, लोजिस्टिक आदि के क्षेत्रों में डोमेन ज्ञान और अपेक्षित विशेषज्ञता वाले पेशेवरों से लिया जाना चाहिए। अतः समिति तदनुसार सिफारिश करती है और आशा करती है कि भारतीय खाद्य निगम की कार्यकारी समिति में सदस्यों की नियुक्ति तदनुसार की जाएगी।

सरकार का उत्तर

समिति की सिफ़ारिश को नोट किया गया और आगामी कार्यकारी समिति के गठन में अनुपालन किया जाएगा।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>मानव संसाधन प्रबंधन</u>

<u>सिफारिश (क्र. सं. 8)</u>

भारतीय खाद्य निगम ने साइलो के विकास के लिए रोडमैप तैयार किया है जोकि रोड-फेड होगा और साइलो के विकास की प्रक्रिया को और आसान बनाने के लिए हब एंड स्पोक मॉडल पर काम करेगा। हब और स्पोक साइलो के लिए बोली दस्तावेज एक परामर्शी और समावेशी दृष्टिकोण अपनाकर तैयार किए गए हैं। हब एंड स्पोक मॉडल के तहत साइलो निर्माण के लिए निविदा दस्तावेज और स्थानों की सूची (कुल 108.375 एलएमटी क्षमता वाले 247 स्थान) मूल्यांकन और अनुमोदन की प्रक्रिया में हैं।

इसके अलावा, भारतीय खाद्य निगम, सीडब्ल्यूसी और राज्य एजेंसियों के स्वामित्व वाले गोदामों की भंडारण क्षमता को 140 मीट्रिक टन से 174 मीट्रिक टन तक स्टैक आकार के पुनर्मूल्यांकन के माध्यम से 45.23 एलएमटी तक बढ़ाया गया है। इसके अतिरिक्त, मार्च, 2021 से मई, 2021 की अवधि के दौरान निजी निवेशकों से 27.44 एलएमटी की क्षमता किराए पर ली गई है।

पीईजी योजना के तहत 153.11 लाख मीट्रिक टन की स्वीकृत क्षमता में से; दिनांक 31.05.2021 तक 144.18 एलएमटी की क्षमता का निर्माण किया गया है।

केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत, पूर्वोत्तर राज्यों में 7 स्थानों पर 0.48 एलएमटी पूरा किया जा चुका है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के अलावा अन्य राज्यों में, 13 स्थानों पर गोदामों के निर्माण के लिए 0.93 लाख मीट्रिक टन की क्षमता, जिसमें से 3 स्थानों पर 0.18 लाख मीट्रिक टन का काम पूरा कर लिया गया है।

कैप को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि भारतीय खाद्य निगम, मुख्यालय ने दिनांक 17.02.2021 के पत्र संख्या **procIII/1(1)/2021/Misc.Policies** के माध्यम से कैप भंडारण क्षमता कोपहले वर्ष में 25%, दूसरे वर्ष में 35% और तीसरे वर्ष में शेष 40% को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करने, ताकि आरएमएस 2024-25 तक और अधिक वैज्ञानिक भंडारण हो सके और राज्य सरकारों के परामर्श से समझौता ज्ञापन में संशोधन के लिए मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा है।

इस संबंध में 23.03.2021 और 11.05.2021 को पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों के साथ बैठकें की गईं और उनसे इसके लिए कार्य योजना प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया। तदनुसार, हरियाणा और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों ने कैप को चरणबद्ध रूप से समाप्त करके वैज्ञानिक कवर क्षमता बनाने के लिए अपनी कार्य योजनाएं प्रस्तुत की हैं।

31.05.2021 को साइलो, **(**निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) क्षमता और (कवर और प्लिंथ) कैप क्षमता की स्थिति निम्नानुसार दी गई है:-

(आंकड़े एलएमटी में)

साइलों			**पीईजी क्षमता**	**कैप**		
स्वयं के	किराए के	कुल		स्वयं के	किराए के	कुल
1.10	**8.88**	**9.98**	**113.67**	**25.71**	**11.57**	**37.28**

31.05.2021 को केंद्रीय पूल के तहत कुल भंडारण क्षमता (कैप+कवर) निम्नानुसार है:

(आंकड़े लाख मी.टन में)

भारतीय खाद्य निगम	**राज्य एजेंसियां**	**कुल**

(स्वयं के+किराए के)		
468.25	436.49	904.74

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>साइलों का निर्माण: हब और स्पोक मॉडल</u>

सिफारिश (क्रम सं 19)

18. समिति ने टिप्पणी की है कि स्टील साइलो स्टोरेज अत्यधिक मशीनीकृत और थोक में खाद्यान्न के भंडारण का आधुनिक तरीका है। यह खाद्यान्नों के बेहतर संरक्षण को सुनिश्चित करता है और इसके शेल्फ लाइफ को बढ़ाता है। यदि खाद्यान्नों को साइलो में भंडारित किया जाता है और थोक में ले जाया जाता है, तो पारंपरिक गोदामों में बैग में खाद्यान्न भंडारण की तुलना में चोरी, उठाईगीरी और परिवहन के कारण नुकसान नगण्य होगा। भारतीय खाद्य निगम ने सूचित किया कि चूंकि मौजूदा भारतीय खाद्य निगम गोदामों में भूमि की उपलब्धता कमी है, इसलिए साइलों में खाद्यान्नों के भंडारण में स्थानांतरित करना समझदारी होगी क्योंकि इसके लिए पारंपरिक भंडारण गोदामों की तुलना में लगभग 1/3 भूमि की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, साइलों को चौबीसों घंटे संचालित किया जा सकता है, जो लचीलापन लाएगा और समग्र दक्षता में सुधार करेगा। इस प्रकार, साइलों का निर्माण और थोक में खाद्यान्नों के भंडारण और परिवहन के लिए साइलो का उपयोग समग्र रूप से राष्ट्र के लिए फायदेमंद होगा और साथ ही एक कुशल खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रणाली भी तैयार करेगा। इसलिए भारतीय खाद्य निगम ने पीपीपी मोड पर आधुनिक स्टील साइलों का निर्माण करके अपनी भंडारण सुविधाओं को आधुनिक बनाने की योजना बनाई है। कमिटी ने टिप्पणी की है कि 100 एलएमटी साइलो क्षमता बनाने के लिए 2016 में निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले भारतीय खाद्य निगम चार साल बाद भी केवल 8.25 एलएमटी ही बना सका जो निर्धारित लक्ष्य का सिर्फ 8.25**%** है। साइलो का निर्माण पंजाब और मध्य प्रदेश में किया गया था। भारतीय खाद्य निगम द्वारा उनकी खराब उपलब्धि की जिम्मेदारी का कारण भूमि और रेलवे साइडिंग की उपलब्धता की कमी है, जिन्हें इस उद्देश्य के लिए जारी निविदा में अनिवार्य किया गया था। समिति को सूचित किया गया कि साइलो निर्माण में निवेश करने के लिए रुचि दिखाने वाले कई बड़े निवेशक इन बाधाओं के कारण आगे नहीं बढ़ सके। चूंकि पहले वाला मॉडल विफल हो गया था, समिति को पता चला कि भारतीय खाद्य निगम अपने मौजूदा मॉडल को बदल रहा है जिसके तहत 'हब एंड स्पोक' मॉडल पर साइलो का निर्माण किया जाता है, जहां विभिन्न साइलो में एक मदर साइलो से

सड़क मार्ग से जुड़ा होता है, जिसमें रेल कनेक्टिविटी होगी। समिति की राय है कि खरीद और खपत के स्थानों के पास छोटे साइलो स्थापित करने से भारतीय खाद्य निगम की परिवहन लागत में काफी कमी आएगी क्योंकि इससे एक स्थान पर अनाज की खरीद और उन्हें दूर स्थित साइलो में भेजने में और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत खाद्यान्नों को फिर से उन्हीं क्षेत्रों में वितरण के लिए वापस लाना, जहां से ये खाद्यान्न वास्तव में खरीदे गए थे, से बचने में मदद मिलेगी। समिति का विचार है कि यह "टू एंड फ्रो" परिचालन न केवल बहुत सारे संभार तंत्र मुद्दे पैदा करता हैं बल्कि परिवहन शुल्क के मामले में सरकार पर भी भारी पड़ते हैं और इसलिए इन्हें, अगर छोटे साइलो का निर्माण कर उन्हें हब और स्पोक मॉडल के अंदर एकीकृत करें तो प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है। इसलिए समिति सिफारिश करती है कि पूरे देश में समयबद्ध तरीके से हब और स्पोक मॉडल पर साइलों नेटवर्क के निर्माण के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।

सरकार का उत्तर

भंडारण सुविधाओं के अपग्रेडेशन और आधुनिकीकरण के लिए, भारत सरकार ने 100 एलएमटी की क्षमता के लिए देश में पीपीपी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) मोड पर स्टील साइलो के निर्माण के लिए एक कार्य योजना तैयार की। वर्तमान में, 10.625 एलएमटी क्षमता वाले साइलो को पूरा कर लिया गया है और उपयोग में लाया जा चुका है और 19.125 एलएमटी साइलो क्षमता का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

पहले रेलवे साइडिंग वाले साइलो पर विचार किया जाता था। रेलवे साइडिंग साइलो के निर्माण में एक बड़ी बाधा रेल पटरियों के साथ उपयुक्त भूमि खोजने और अधिग्रहण करने में कठिनाई रही है। इसलिए, स्टील साइलो के निर्माण में तेजी लाने के लिए, भारतीय खाद्य निगम द्वारा मेसर्स राइट्स के माध्यम से कंटेनरीकृत परिचालन के साथ रोड़-साइड साइलो की व्यवहार्यता की जांच के लिए प्रोफेशनल स्टडी की गई थी। मेसर्स राइट्स ने रोड साइड साइलो और कंटेनराइज्ड बल्क मूवमेंट के साथ हब एंड स्पोक मॉडल की सिफारिश करते हुए अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की। डीएफपीडी ने एफसीआई द्वारा प्रस्तावित हब एंड स्पोक मॉडल के तहत साइलो के निर्माण के लिए "सैद्धांतिक अनुमोदन" प्रदान किया। रेल साइड ट्रैक के साथ भूमि की तुलना में रोड़ साइड साइलों के लिए भूमि अपेक्षाकृत आसानी से उपलब्ध है ।

इसके बाद, एक परामर्शी और समावेशी दृष्टिकोण अपनाकर, प्रमुख हितधारकों को शामिल करके और उनके साथ बातचीत करके, हब और स्पोक साइलो के लिए बोली दस्तावेज तैयार किए गए। विभिन्न मुद्दों पर प्राप्त टिप्पणियों और सर्वोत्तम तरीकों और हाल के

घटनाक्रमों पर विचार करते हुए संविदात्मक और तकनीकी मुद्दों से संबंधित परिवर्तनों पर हितधारकों के परामर्श और व्यापक विचार-विमर्श के लिए मसौदा बोली दस्तावेज रखे गए थे।

साइलो के लिए स्थानों की पहचान स्टोरेज गैप, उपभोक्ता क्षेत्रों के लिए मंडियों के सीधे वितरण की अवधारणा और केंद्रीय रूप से बनाए रखने के बजाय उपभोक्ता क्षेत्रों में बफर स्टॉक के आधार पर साइलो के वितरण को ध्यान में रखते हुए की गई है। तदनुसार, हब एंड स्पोक मॉडल के तहत 247 स्थानों पर 108.375 एलएमटी की अतिरिक्त साइलो क्षमता का प्रस्ताव मूल्यांकन और अनुमोदन की प्रक्रिया में है।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>रेलवे सीपीएसयू के साथ संयुक्त उद्यम का गठन</u>

सिफारिश (क्रम सं 21)

19. समिति टिप्पणी करती है कि निवेशक - घरेलू और विदेशी - आधुनिक स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में निवेश करने के इच्छुक हैं, जिन्हें भूमि और रेलवे साइडिंग के अभाव में वापस लेना पड़ा। समिति यह भी टिप्पणी करती है कि भारतीय खाद्य निगम 85% खाद्यान्न रेल के माध्यम से परिवहन करता है क्योंकि यह सबसे सस्ता विकल्प है। समिति को पता चला है कि भारतीय खाद्य निगम और खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग रेलवे को रेलवे साइडिंग के पास खाली जमीन देने के लिए मनाने में सफल नहीं हुए हैं ताकि भंडारण बुनियादी ढांचा तैयार किया जा सके। समिति सिफारिश करती है कि सरकार को खाद्यान्नों की आवाजाही का कार्य करने के लिए रेलवे के साथ एक संयुक्त उद्यम बनाने की संभावना तलाशनी चाहिए क्योंकि इस प्रकार की व्यवस्था भारतीय खाद्य निगम के साथ-साथ रेलवे के लिए भी फायदेमंद होगी। इस संबंध में सरकार द्वारा की गई सटीक कार्रवाई से समिति को अवगत कराया जाए।

सरकार का उत्तर

भंडारण अवसंरचना के निर्माण के लिए रेलवे की अधिशेष भूमि के उपयोग से संबंधित मामले पर रेलवे के साथ विचार-विमर्श किया गया है और संयुक्त निरीक्षण के बाद कुछ स्थानों की संभावित रूप से पहचान की गई है। सीआरडब्ल्यूसी/सीडब्ल्यूसी को रेलवे भूमि पर भंडारण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए अनिवार्य किया गया था क्योंकि सीआरडब्ल्यूसी का रेलवे के साथ पहले से ही समझौता था।

अब तक, लगभग 80% स्टॉक देश के विभिन्न हिस्सों में रेल द्वारा ले जाया जाता है, जो अभी भी सबसे किफायती तरीका है। भारतीय खाद्य निगम और रेलवे मिलकर काम करते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए उचित समन्वय बनाए रखते हैं कि देश भर में खाद्यान्न ले जाया जाए।

हालांकि, खाद्यान्न के परिवहन के लिए रेलवे द्वारा भारतीय खाद्य निगम को कोई विशेष लाभ नहीं दिया जाता है। रेलवे द्वारा खाद्यान्न, आटा और दालों के वर्गीकरण के तहत वस्तुओं के लिए भाड़े की दरें सभी के लिए समान हैं, चाहे वह भारतीय खाद्य निगम, निजी पार्टी या कोई अन्य सरकारी एजेंसी हो।

इसके अलावा, रेलवे के साथ एक संयुक्त उद्यम बनाने की संभावना तलाशने के लिए समिति की सिफारिश एक नीतिगत मुद्दा प्रतीत होता है। मंत्रालय इस पर उचित विचार कर सकता है।

जहां तक भंडारण अवसंरचना के निर्माण के लिए रेलवे की अधिशेष भूमि के उपयोग के मामले में रेलवे के साथ विचार-विमर्श किया गया है और संयुक्त निरीक्षण के बाद कुछ स्थानों की संभावित रूप से पहचान की गई है। सीआरडब्ल्यूसी/सीडब्ल्यूसी को रेलवे भूमि पर भंडारण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए अनिवार्य किया गया था क्योंकि सीआरडब्ल्यूसी का रेलवे के साथ पहले से ही समझौता था।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>वित्तीय प्रदर्शन</u>

सिफारिश (क्रम सं 22)

20. समिति टिप्पणी करती है कि भारतीय खाद्य निगम एक 'नो प्रॉफिट नो लॉस' संगठन है और एक 100**%** सब्सिडी वाला निगम है। इस प्रकार, लाभ के उद्देश्यों के साथ स्थापित अन्य सीएसपीयू पर लागू वाणिज्यिक गतिविधियां और इसके शेयरधारकों के लिए मूल्य जोड़ने को भारतीय खाद्य निगम पर लागू नहीं किया जा सकता है। सरकार का उद्देश्य कम कीमत पर खाद्यान्न खरीदकर और अधिक कीमत पर बेचकर लाभ कमाना नहीं है। सरकार का उद्देश्य है **(i)** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी**)** का भुगतान सुनिश्चित करके किसानों को लाभकारी उत्पादन लागत प्रदान करना है **(ii)** जनता को रियायती मूल्य पर बड़े पैमाने पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना और **(iii)** देश के लिए खाद्यान्न का बफर स्टॉक और रणनीतिक भंडार बनाए रखना है। भारतीय खाद्य निगम सरकारी कल्याण कार्यक्रमों को क्रियान्वित करता है और

सामाजिक उद्देश्यों को पूरा करता है और इस प्रकार यह एक लाभोन्मुखी संस्था नहीं है। यदि कंपनी अधिनियम के सभी प्रावधान भारतीय खाद्य निगम पर लागू होते हैं, तो यह सब्सिडी की गणना को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है और भारत सरकार पर इसका वित्तीय प्रभाव पड़ेगा। निगम खाद्य निगम अधिनियम 1964 के तहत शासित है और कंपनी अधिनियम 2013 के कई प्रावधान इस पर लागू नहीं होते हैं और अधिनियम और भारतीय खाद्य निगम को सौंपे गए विशेष प्रकृति के कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए सीएजी के परामर्श से भारतीय खाद्य निगम के वित्तीय विवरणों में कुछ परिवर्धन / विलोपन / संशोधन किए गए हैं।

सरकार का उत्तर

समिति का अवलोकन तथ्यात्मक है। पेशकश करने के लिए कोई टिप्पणी नहीं।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

सिफारिश (क्रम सं 23)

21. समिति ने नोट किया कि एफसीआई के वित्त के स्रोत मुख्य रूप से इक्विटी शेयर पूंजी, कैश क्रेडिट जो दीर्घावधि बॉन्ड बनाते है, अर्थोपाय अग्रिम (डब्ल्यूएमए)/असुरक्षित अल्पकालिक अग्रिम और राष्ट्रीय लघु बचत कोष हैं।एफसीआई के कुल बजट बिक्री और सब्सिडी से बनता है। भारतीय खाद्य निगम का बजट 2014-15 के दौरान रु.134762 करोड़, 2015-16 के दौरान रु.131694 करोड़, 2016-17 के दौरान रु.131053 करोड़,2017-18 के दौरान रु.133912 करोड़, 2018-19 के दौरान रु.156272 करोड़ और 2019-20 के दौरान रु.166085 करोड़ था। यहाँ बिक्री के आंकड़ों में कोई स्थिरता नहीं है। तथापि, 2015-16 से सब्सिडी लगातार बढ़ रही है। सब्सिडी 2015-16 के दौरान रु. 102425 करोड़, 2016-17 के दौरान रु. 109136 करोड़, 2017-18 के दौरान रु. 116282 करोड़, 2018-19 के दौरान रु. 131787, 2019-20 के दौरान रु.140928 करोड़ थी। सब्सिडी के तीन घटक अर्थात उपभोक्ता सब्सिडी, बफर सब्सिडी और हानियाँ हैं। एफसीआई द्वारा सब्सिडी में वृद्धि का कारण प्रत्येक वर्ष एमएसपी में वृद्धि होना बताया गया है। समिति ने नोट किया कि गेहूं की एमएसपी जो 2010-11 में रु.1120 प्रति क्विंटल थी, वो बढ़कर 2018-19 में रु.1840 प्रति क्विंटल तक गई, जो 9 वर्षों की अवधि में 64.3% की वृद्धि दर्शाता है। इसी प्रकार, साधारण धान की एमएसपी जो 2010-11 में रु. 1000 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर इसी अवधि में रु.1750 प्रति क्विंटल तक हुई, जो इसी

अवधि में 75% की वृद्धि दर्शाता है। स्टॉकिंग मानदंडों से अधिक रखे गए स्टॉक पर भंडारण शुल्क के कारण भी वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, समिति ने देखा कि 276 एलएमटी गेहूं और 135 एलएमटी चावल के स्टॉक होल्डिंग मानदंडों के मुकाबले, एफसीआई के पास मार्च 2020 के अंत तक 458 एलएमटी का गेहूं स्टॉक और 354 एलएमटी का चावल स्टॉक था।

सरकार का उत्तर

प्रश्न में दर्शाये गए बजट आंकड़े बिक्री और सब्सिडी का योग है जिसे अद्यतन किया गया है:

राशि करोड़ रु. में

वर्ष	**बिक्री**	**सब्सिडी**	**कुल**
2014-15	29,755	1,05,007	1,34,762
2015-16	29,269	1,02,425	1,31,694
2016-17	21,917	1,09,136	1,31,053
2017-18	17,630	1,16,282	1,33,912
2018-19	30,758	1,20,352	1,51,110
2019-20	23,434	1,32,408	1,55,842
2020-21(आरई)	31,560	2,30,536	2,62,096

बिक्री के आंकड़े मुख्य रूप से एनएफएसए/ओडब्ल्यूएस के अंतर्गत राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए खाद्यान्न और ओएमएसएस (डी) में बिक्री के योग हैं।

एनएफएसए 2013-14 में पेश किया गया था। तथापि, राज्यों द्वारा एनएफएसए में परिवर्तन क्रमिक था, जिसके परिणामस्वरूप 2014-15 से 2015-16 में उच्च बिक्री मूल्य हुआ चूंकि एपीएल/बीपीएल में बिक्री दर एनएफएसए में बिक्री दर से अधिक थी। 2015-16 के बाद बिक्री मूल्य में भिन्नता केवल ओएमएसएस (डी) के कारण थी। खुली बिक्री की मात्रा और आपूर्ति की स्थिति के अनुसार बदलती रहती है, बिक्री के आंकड़े उसी के अनुसार बदलते हैं। ओएमएसएस(डी) बिक्री की स्थिति नीचे दी गई है:-

वर्ष	**गेहूं**		**चावल**		**कुल मूल्य (करोड़ रु. में)**
	मात्रा (एलएमटी)	मूल्य (करोड़ रु. में)	मात्रा (एलएमटी)	मूल्य (करोड़ रु.	

				में)	
2014-15	42.06	6,829.62	0	0.06	6,829.68
2015-16	70.37	11,157.19	0.89	203.93	11,361.12
2016-17	46.76	8,513.50	1.94	463.29	8,976.79
2017-18	13.82	2,644.43	4.69	1,172.35	3,816.78
2018-19	82.04	16,191.22	8.05	2,103.10	18,294.32
2019-20	34.15	7,512.19	14.61	3,668.75	11,180.94
2020-21(आरई)	50.00	11,000.00	30.00	6,750.00	17,750.00

केवल उपरोक्त दर्शाये गए परिवर्तन के कारण, बिक्री के आंकड़े एक जैसे नहीं हैं।

धान और गेहूं की अधिप्राप्ति ओपन एंडेड है। परिणामस्वरूप, एफसीआई के पास स्टॉक मानदंडों से अलग अतिरिक्त स्टॉक है। एफसीआई ऐसे अतिरिक्त स्टॉक को रखने के लिए लागत वहन कर रहा है जिसमें भंडारण शुल्क और ब्याज शामिल है।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

सिफारिश (क्रम सं 24)

22. समिति ने आगे नोट किया कि सरकार ने 2017-18 में राष्ट्रीय लघु बचत कोष (एनएसएसएफ) से एफसीआई को रु.65,000 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया था। उसी वर्ष के दौरान एफसीआई ने बैंकों से रु.82376.48 करोड़ की अल्पकालिक उधार लिया था। एफसीआई ने स्पष्ट किया कि 2017-18 के दौरान एफसीआई को स्वीकृत रु.65,000 करोड़ बिना किसी नकद रिलीज के बुक समायोजन थे। ये ऋण एफसीआई को जारी की गई सब्सिडी को वापस लेने और उन्हें एनएसएसएफ ऋणों में परिवर्तित करने या एफसीआई को जारी किए गए पिछले एनएसएसएफ ऋणों/डब्ल्यूएमए के रोलओवर/वसूली के लिए स्वीकृत किए गए थे। इसी प्रकार बैंकों से अल्पकालिक ऋण (एसटीएल) कार्यशील पूंजी की आवश्यकता और नकदी प्रवाह बेमेल को पूरा करने के लिए लिये गए थे। समिति ने नोट किया कि 30 अक्टूबर 2019 तक, भारतीय खाद्य निगमपर रु.4,700 करोड़ का बकाया अल्पावधि ऋण था, जो 31 मार्च 2020 तक बढ़कर रु. 40,700 करोड़ हो गया।

सरकार का उत्तर

वर्ष 2017-18 के दौरान, एफसीआई को तीन भागों में रु.65,000 करोड़ का एनएसएसएफ ऋण जारी किया गया, एनएसएसएफ ऋण किस्त के रोलओवर के लिए रु.14,000 करोड़, सब्सिडी आवंटन के रिवर्सल के बदले रु.42,919.46 करोड़ और शेष रु.8,080.54 करोड़ नकद जारी किए गए तथा बाद में डब्ल्यूएमए के पुनर्भुगतान के लिए रु.8,080 करोड़ वापस भुगतान किया गया।

इसके अलावा बकाया अल्पावधि ऋण (एसटीएल) को रु.4,700 करोड़ से रु.40,700 करोड़ तक बढ़ाने के मुद्दे के संबंध में, यह कहा गया है कि भारत सरकार से निधि की प्राप्ति में देरी/गैर-प्राप्ति के कारण उत्पन्न हुए बेमेल नकदी प्रवाह को पूरा करने के क्रम में एसटीएल का लाभ उठाया जाता है। लगभग रु.37,988 करोड़ के अंतर को दर्शाते हुए प्राप्तियों के साथ-साथ व्यय का विवरण, जिसे एफसीआई ने 1 नवंबर, 2019 से 31 मार्च, 2020 तक एसटीएल का लाभ उठाकर पूरा किया, निम्नानुसार हैं:-

भुगतान	**राशि (रु. करोड़ में)**	**प्राप्ति**	**राशि (रु. करोड़ में)**
सामान्य संचालन	57,497.00	सब्सिडी	13,164.02
वार्षिक बॉन्ड ब्याज	1,480,.48	एनएसएसएफ	19,435.98
एनएसएसएफ ब्याज	8,164.02	बॉन्ड	8,000.00
डीएफपीडी की ओर से डीसीपी राज्यों को भुगतान	11,436.00		
कुल	**78,577.50**	**कुल**	**40,600.00**

31.03.2021 तक एनएसएसएफ ऋण बकाया शून्य है, चूंकि एनएसएसएफ के संबंध में सभी देयता को केंद्रीय बजट 2021-22 में सब्सिडी के अतिरिक्त आवंटन के बाद निर्वहन किया गया है और एसटीएल बकाया रु.20,500 करोड़ था, जो बाद में अप्रैल, 2021 में चुकाया गया।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय(सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>खाद्यान्नों की आर्थिक लागत का निर्धारण</u>

सिफारिश (क्रम सं 25)

23. समिति ने नोट किया कि खाद्यान्नों की "आर्थिक लागत" में शामिल हैं **(i)** खाद्यान्न की पूल्ड लागत **(ii)** अधिप्राप्ति आकस्मिकताओं से युक्त वैधानिक शुल्क, बोरीकीलागत एवं अन्य **(iii)** भाड़ा **(iv)** ब्याज **(v)** हैंडलिंग शुल्क **(vi)** भंडारण शुल्क **(vii)** प्रशासनिक व्यय और **(viii)** ऑपरेशनल हानियाँ।आर्थिक लागत और केंद्रीय निर्गम मूल्य के बीच के अंतर की प्रतिपूर्ति एफसीआई को "सब्सिडी" के रूप में की जाती है। एफसीआई द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के समिति के विश्लेषण से पता चलता है कि 2017-18 के दौरान प्रति क्विंटल गेहूं का एमएसपी रु.1625 प्रति क्विंटल थी। उसी वर्ष गेहूं की अधिग्रहण लागत रु. 1891 प्रति क्विंटल थी जिसमें रु. 1587.90 गेहूं की पूल्ड लागत और अधिप्राप्ति आकस्मिकताओं पर रु. 303.91 था। गेहूं की वितरण लागत रु. 406.11 प्रति क्विंटल थी।इस प्रकार, गेहूं की आर्थिक लागत एमएसपी या रु. 1625 प्रति क्विंटल के प्रति 2017-18 के दौरान रु. 2297.92 प्रति क्विंटल थी। इसी तरह, 2018-19 के दौरान गेहूं की आर्थिक लागत सरकार द्वारा घोषित रु. 1735 की एमएसपी के प्रति रु. 2505.67 थी। इसके अलावा, चावल की आर्थिक लागत के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2017-18 के दौरान चावल की आर्थिक लागत रु. 1550 प्रति क्विंटल की एमएसपी के प्रति रु. 3280.31 थी। इसी तरह, 2018-19 के दौरान चावल की आर्थिक लागत रु. 1750 प्रति क्विंटल की एमएसपी के प्रति रु. 3472.94 थी। समिति ने अपनी आशंका व्यक्त की कि अधिप्राप्ति आकस्मिकताओं की गणना के लिए अपनाए गए मानदंड, गेहूं और चावल की आर्थिक लागत का पता लगाने के लिए वितरण लागत स्पष्ट रूप से उच्च स्तर पर है तथा इसलिए सरकार चावल के लिए घोषित एमएसपी लगभग दो गुना अधिक और गेहूं के एमएसपी से डेढ़ गुना अधिक सब्सिडी के रूप में व्यय कर रही है। इसलिए समिति ने पुरजोर सिफारिश की है कि सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ को काफी हद तक कम करने के लिए खाद्यान्न की अधिग्रहण लागत और वितरण लागत के रूप में विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत संपूर्ण तंत्र और लागत प्रणाली की पूरी तरह से समीक्षा की जाए।

सरकार का उत्तर

एफसीआई की आर्थिक लागत अनाज की अधिग्रहण लागत और वितरण लागत का योग है। अधिग्रहण लागत में पूल अनाज की लागत (एमएसपी की भारित औसत लागत) और अधिप्राप्ति आकस्मिकताएं शामिल होती हैं।

एफसीआई की ऑपरेशनल लागत में निम्नलिखित तत्व शामिल हैं:-

1. परिवहन लागत/भाड़ा
2. मार्गस्थ हानि
3. भंडारण हानि
4. हैंडिलिंग प्रभार
5. प्रशासनिक शुल्क
6. भंडारण शुल्क
7. ब्याज शुल्क

एफसीआई की कुल ऑपरेशनल लागत को दो भागों में बांटा गया है- वितरण लागत और बफर वहन लागत। वितरण लागत आर्थिक लागत का हिस्सा बन जाती है। बफर कैरिंग कॉस्ट बफर सब्सिडी का हिस्सा बन जाती है। एफसीआई द्वारा ऑपरेशनललागत का विभाजन मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है।

2019-20 में, भारतीय खाद्य निगमने अपनी कुल अधिप्राप्ति में 16.60% गेहूं और 1.54% धान की खरीद की। शेष भाग राज्य सरकारों से उनके द्वारा की गई खरीद से लिया गया था।

एफसीआई की खरीद के लिए, खर्चों को संबंधित शीर्षों में बुक किया जाता है। यह कुल अधिप्राप्ति लागत का एक छोटा सा हिस्सा है। अधिग्रहित स्टॉक के लिए, राज्यों को डीएफपीडी द्वारा जारी लागत पत्रक के आधार पर लागत की प्रतिपूर्ति की जाती है और संबंधित एजेंसियों को स्टॉकवार भुगतान किया जाता है।

विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत लागत निर्धारण के तंत्र और प्रणाली की समीक्षा डीएफपीडी के स्तर पर किए जाने की आवश्यकता है, चूंकि एफसीआई डीएफपीडी द्वारा निर्धारित लागत प्रणाली का पालन करता है।

2021-22 के बजट में, भारत सरकार ने अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की। परिणामस्वरूप एफसीआई ने 2020-21 में संपूर्ण एनएसएसएफ ऋण चुका दिया। इससे एफसीआई को 2021-22 में 25307 करोड़ रुपये के ब्याज की बचत होगी। इस वजह से, 2021-22 (बीई) की आर्थिक लागत को निम्नानुसार संशोधित किया गया था -

दर रु./ क्विंटल

विवरण	**2021-22(बीई)** **[पुरानी दर]**	**2021-22 (** बीई) **[संशोधित दर]**	कमी
गेहूं	2,993.80	2,573.14	420.66
चावल	4,293.79	3,678.92	614.87

चावल की आर्थिक लागत की गणना की जाती है जबकि धान के लिए एमएसपी घोषित किया जाता है। आर्थिक लागत में ली गई पूल्डलागत वर्ष में वितरण के लिए उपलब्ध एमएसपी की भारित औसत लागत का योग है। इस गणना के लिए धान को आउटटर्न अनुपात से गुणा करके चावल में परिवर्तित किया जाता है। धान को चावल में बदलने का आउटटर्न अनुपात 67% है।जब धान के एमएसपी को चावल में परिवर्तित किया जाता है**,** तो चावल का एमएसपी धान के एमएसपी का लगभग 150% होता है।

उदाहरण: आरएमएस 2019-20 के लिए धान ग्रेड 'ए' का एमएसपी रु. 1835 प्रति क्विंटल और जब इसे चावल में बदला जाता है**,** तो एमएसपी रु. 2738.81 प्रति क्विंटल हो जाता है। जो धान के एमएसपी का लगभग 150% है।

[उपभोक्ता मामले**,** खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019**-**एफासी-I/**ई-**368662 दिनांक 30.07.2021)

सिफारिश (क्रम सं 26)

24. समिति यह जानकर भी हैरान है कि चावल की आर्थिक लागत के निर्धारण के लिए निर्धारित चावल की जमा लागत घोषित एमएसपी से लगभग डेढ़ गुना अधिक है। जबकि अधिप्राप्ति के चरण से लेकर वितरण के चरण तक की सभी सेवाओं जैसे वैधानिक शुल्क, बोरीलागत, भाड़ा, ब्याज, हैंडलिंग शुल्क, भंडारण शुल्क, प्रशासनिक व्यय और ऑपरेशनल हानि आदि के लिए लागत तय की गई है, समिति को समझ में नहीं आ रहा है कि फिर पूल्ड लागत को अलग से एमएसपी से डेढ़ गुना ज्यादा क्यों दर्शाया गया है। इसलिए समिति चाहती है कि सरकार लागत निर्धारण की इस तरह की पद्धति को अपनाने के कारणों की व्याख्या करे और किसी भी खाते में लागत प्रणाली की कमी होने पर सुधारात्मक उपाय भी करे ।

सरकार का उत्तर

चावल की आर्थिक लागत की गणना की जाती है जबकि धान के लिए एमएसपी घोषित किया जाता है। जैसा कि पहले के प्रश्न के उत्तर में बताया गया है, पूल्डलागत वर्ष में वितरण के लिए उपलब्ध एमएसपी की भारित औसत लागत का योग है।इस गणना के लिए धान को आउटटर्न अनुपात से गुणा करके चावल में परिवर्तित किया जाता है।धान को चावल में बदलने का आउटटर्न अनुपात 67% है।जब धान के एमएसपी को चावल में परिवर्तित किया जाता है, तो चावल का एमएसपी धान के एमएसपी का लगभग 150% होता है।

उदाहरण: आरएमएस 2019-20 के लिए धान ग्रेड 'ए' का एमएसपी रु. 1835 प्रति क्विंटल और जब इसे चावल में बदला जाता है, तो एमएसपी रु. 2738.81 प्रति क्विंटल हो जाता है। जो धान के एमएसपी का लगभग 150% है।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>क्षति, भंडारण और पारगमन के कारण हानि</u>

सिफारिश (क्रम सं 27)

25. समिति ने नोट किया कि 2014-15 से 29 फरवरी 2020 की अवधि के दौरान एफसीआई के अपने गोदामों में लगभग 15066.86 एमटीएस खाद्यान्न क्षतिग्रस्त हो गया था। इसी अवधि के दौरान सीडब्ल्यूसी गोदामों और एसडब्ल्यूसी गोदामों में हानि क्रमशः 11713.51 एमटीएस और 12097.05 एमटीएस था। जैसा कि समिति को सूचित किया गया है, कृन्तकों के कारण और भंडारण के कारण भी कोई हानि नहीं हुआ है। एफसीआई के प्रस्तुतीकरण के अनुसार, 2018-19 के दौरान भंडारण में 0.12% की वृद्धि हुई है, चूंकि गेहूं नमी को अवशोषित करता है और चावल नमी खो देता है। समिति ने तथापि नोट किया कि पारगमन के कारण हानि 0.28% है तथा धन के मामले में, एफसीआई को इससे वार्षिक लगभग रु. 300 करोड़ घाटा हो रहा है। मार्गस्थ हानियों हेतु कारण मल्टीपलहैंडलिंग, बोरियों की खराब बनावट, लोहे के हुकों का अधिक उपयोग, खराब गुणवत्ता वाले वैगन, रास्ते में चोरी, रेल बिंदुओं पर अपर्याप्त सुरक्षा आदि के मद्देनजर बताया गया है। समिति ने क्षति, भंडारण और पारगमन के कारण होने वाले हानि को रोकने के लिए किए गए विभिन्न उपायों पर ध्यान देते हुए, अपनी राय व्यक्त की कि अकेले पारगमन के कारण रुपये 300 करोड़ की वार्षिक वित्तीय हानि वास्तव में चिंताजनक है। समिति इसलिए सिफारिश करती है कि भंडारण और परिवहन प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है ताकि इन लेखोंपर होने वाले हानि को कम किया जा सके।

सरकार का उत्तर

मार्गस्थ हानियों के मामले में, सुधार की प्रवृत्ति रही है और प्रतिशत के संदर्भ में समग्र हानियां घट रही हैं। तथापि, 2020-21 के दौरान मार्गस्थ हानियों का उच्च मूल्य कोविड -19 महामारी के मद्देनजर बढ़े हुए विशेष आवंटन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए अधिक मात्रा में स्थानांतरित होने के कारण है। साथ ही, 2020-21 के दौरान कुल परिचालन 538.55

लाख मीट्रिक टन था, जबकि 2019-20 के दौरान 409.58 लाख मीट्रिक टन का कुल परिचालन था। इसके अलावा, खाद्यान्न के एमएसपी में प्रत्येक वर्ष वृद्धि की जाती है जिसके परिणामस्वरूप हानि की समान मात्रा के लिए उच्च मूल्य होता है।

मार्गस्थ हानियों की प्रवृत्ति नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

वर्ष	**एमओयू लक्ष्य (%)**	**परिचालित मात्रा (एलएमटी)**	**हानि की मात्रा (एलएमटी)**	**हानि का %**	**हानि का मूल्य (रु. करोड़)**
2015-16*	0.42	437.36	1.30	0.30	298.86
2016-17*	0.40	438.09	1.32	0.30	313.90
2017-18*	0.371 (उत्कृष्ट ग्रेड)	456.72	1.12	0.25	286.40
2018-19*	0.294 (उत्कृष्ट ग्रेड)	414.99	1.03	0.25	276.85
2019-20*	0.28 (उत्कृष्ट ग्रेड)	409.58	0.94	0.23	257.92
2020-21** (मार्च 21 तक)	-	538.55	1.50	0.28	431.23

1. *लेखापरीक्षित आंकड़े इंगित करता है और ** मार्गस्थ हानि के अनंतिम आंकड़े इंगित करता है। (रेल + सड़क)

2. 2020-21 (बीई) के लिए अधिग्रहण लागत पर परिकलित मूल्य रु.2220.75 प्रति क्विंटल (गेहूं) और रु. 3162.73 प्रति क्विंटल (चावल) ।

<u>मार्गस्थ हानियों को नियंत्रित करने के लिए की गई कार्रवाई:</u>

मुख्यालय स्तर पर प्रत्येक मासिक निष्पादन समीक्षा बैठक (एमपीआरएम) में भंडारण और मार्गस्थ हानियों की स्थिति की समीक्षा की जाती है। आंचलिक स्तर पर का. नि., (अंचल) बैठकों में इसकी निगरानी करते हैं और क्षेत्रीय स्तर पर म.प्र. (क्षेत्र) बैठकों में इसकी समीक्षा करते हैं। तद्नुसार, सभी संबंधितों को उच्च भंडारण एवं मार्गस्थ हानि के मामलों को दर्शाने वाले

डिपो के निरीक्षण को तेज करने और अनुचित हानि के लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा, भंडारण और मार्गस्थ हानियों को कम करने के लिए किए गए उपाय निम्नानुसार हैं: -

- मुख्यालय/ का.नि.(अंचल) /महाप्रबंधक (क्षेत्र) मार्गस्थ हानियों की प्रवृत्ति की लगातार निगरानी कर रहे हैं और उन्हें कम करने के लिए प्रभावी कदम उठा रहे हैं।
- परिवहन के दौरान छलकाव के कारण होने वाले हानियों को कम करने के लिए बिखरे हुए अनाज को पुनः प्राप्त करने के लिए रेलवे वैगनों के फर्श पर पॉलीथीन शीट फैलाना शुरू किया गया है।
- उच्च मार्गस्थ हानियों की जिम्मेदारी तय करने के लिए उच्च टीएल मामलों के संयुक्त सत्यापन के संबंध में एक 'एसओपी' पेश किया गया है।
- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गहन जांच के लिए प्रेषण और प्राप्तकर्ता केंद्रों पर संवेदनशील बिंदुओं की पहचान की जाती है।
- चयनित रेलहेडों और गंतव्य/प्रेषण केंद्रों पर विशेष दस्ते की प्रतिनियुक्ति की जाती है।
- रेकों की लोडिंग और अनलोडिंग के समय इंडिपेंडेंट कंसाइनमेंट सर्टिफिकेशन स्क्वॉड (आईसीसीएस) तैनात करने के निर्देश जारी किए गए हैं।
- प्राप्ति और इश्यूके समय उचित वजन और लेखांकन पर बल दिया जाता है।
- जहां कहीं भी असामान्य/अनुचित मार्गस्थ हानियों की सूचना मिलती है, दोषियों के प्रति अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाती है।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय(सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफासी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>खाद्यान्नों की गुणवत्ता जांच</u>

सिफारिश (क्र.सं. 28)

26. समिति ने नोट किया कि गुणवत्ता जांच के लिए मशीनीकृत प्रक्रिया शुरू करने की दृष्टि से, एफसीआई ने सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सीडीएसी), कोलकाता द्वारा विकसित 30 कम्प्यूटरीकृत चावल विश्लेषक (अन्नदर्पण स्मार्ट) खरीदे हैं और इसे खरीफ विपणन मौसम (केएमएस) 2017-18 के दौरान पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, पश्चिम

बंगाल, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश जैसे 07 प्रमुख खरीद क्षेत्रों के 30 स्थानों पर उपलब्ध कराया है तथा इन स्थानों पर चावल की स्वीकृति कम्प्यूटरीकृत चावल विश्लेषक (सीआरए) के माध्यम से की गई। केएमएस 2018-19 के दौरान, सीआरए को बड़े केंद्रों में शिफ्ट कर दिया गया और इसके माध्यम से चावल की स्वीकृति की गई। समिति ने नोट किया कि एफसीआई ने एफसीआई प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए सीएफटीआरआई, मैसूर के साथ एक समझौता किया है। दोनों पक्षों द्वारा सीएनपी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे और प्रमुख प्रयोगशाला उपकरणों की आपूर्ति के लिए 10.12.2018 को नई निविदा जारी की गई थी, जिसके संबंध में तकनीकी बोली 03.01.2019 को खोली गई थी और तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी मूल्यांकन किया जा रहा था। समिति को आगे पता चला कि गुरुग्राम में इसकी प्रयोगशाला के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित धन का उपयोग नहीं किया जा सका और इसलिए शेष बजट को आईएफएस गुरुग्राम में क्यूसी लैब के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित किया गया था। समिति एफसीआई के दृष्टिकोण से सहमत है कि उन्नत देशों में भी खाद्यान्न की गुणवत्ता की जांच करने के लिए कोई सिद्ध तकनीक नहीं है और वर्तमान सीआरए प्रौद्योगिकी की अपनी सीमाएं हैं। फिर भी समिति का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में खाद्यान्न की गुणवत्ता भौतिक मानव निरीक्षण के माध्यम से सुनिश्चित नहीं की जा सकती है। यह केवल तकनीकी हस्तक्षेप के माध्यम से गुणवत्ता जांच द्वारा सुनिश्चित की जा सकती है। समिति को सीएफटीआरआई, मैसूर के साथ हस्ताक्षरित समझौते में हुई प्रगति से अवगत कराया जाए। समिति ने सिफारिश की कि भारतीय खाद्य निगम की प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए और खाद्यान्नों की प्रभावी गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक उपयुक्त प्रौद्योगिकी विकसित करने की आवश्यकता है ताकि देश में गरीब परिवारों सहित आशयित लाभार्थियों को बेहतर गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

सरकार का उत्तर

सभी एफसीआई डिपो/जिला कार्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय/आंचलिक कार्यालय खाद्यान्न के नमूनों के भौतिक मानकों का परीक्षण करने के लिए इक्विप्ड हैं। भौतिक मापदंडों के अलावा, रासायनिक मापदंडों का भी परीक्षण किया जाना है, इसलिए एफसीआई ने माइकोटॉक्सिन, यूरिक एसिड, मैलाथियान की अवशिष्ट विषाक्तता, डेल्टामेथ्रिन और एल्युमिनियम फॉस्फाइड के परीक्षण के दायरे के साथ खाद्य सुरक्षा संस्थान (आईएफएस) गुरुग्राम में एक अति-आधुनिक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला स्थापित की है ताकि पीडीएस लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके।

इसी तरह, फोर्टिफाइड चावल में मौजूद फोर्टिफिकेंट्स के स्तर सहित खाद्यान्नों में कीटनाशकों के अवशेषों, मायकोटॉक्सिन, यूरिक एसिड के परीक्षण की संभावना के साथ विभिन्न आंचलिक कार्यालयों अर्थात आंचलिक कार्यालय (उत्तर), नोएडा/आंचलिक कार्यालय (दक्षिण), चेन्नई/आंचलिक कार्यालय (पूर्व), कोलकाता और आंचलिक कार्यालय (पश्चिम), मुंबई के तहत चार और प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण के लिए कार्रवाई शुरू की गई है ताकि फोर्टिफाइड चावल की गुणवत्ता के परीक्षण के लिए आंतरिक क्षमता विकसित की जा सके। इस संबंध में संबंधित आंचलिक कार्यालयों को तत्काल कार्रवाई करने के निदेश के साथ उपयुक्त अनुदेश जारी कर दिए गए हैं।

खाद्यान्नों का रासायनिक परीक्षण करने के लिए सभी एफसीआई क्षेत्रीय कार्यालयों ने एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के साथ एफएसएसएआई मानकों और चावल के मामले में फोर्टिफिकेंट्स के परीक्षण के लिए समझौता किया है। गुणवत्ता की जांच के लिए नियमित आधार पर ऐसे थर्ड पार्टी लैब में सैंपल भेजे जा रहे हैं।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफसी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

समिति की टिप्पणियां

(कृपया प्रतिवेदन के अध्याय एक का पैरा 25 देखें)

<u>जारी न किए जाने योग्य खाद्यान्नों की मात्रा को कम करना</u>

सिफारिश (क्र.सं. 29)

27. समिति ने नोट किया कि जो खाद्यान्न एफएसएसएआई के मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं और सामान्य निर्गम के लिए उन्हें सुधारा (रिकन्डीशंड) नहीं जा सकता है, उन्हें 'जारी न किए जाने योग्य' माना जाता है तथा उन्हें विभिन्न श्रेणियों जैसे फीड I, II, III, औद्योगिक उपयोग, खाद के तहत वर्गीकृत किया जाता है और आरक्षित मूल्य निर्धारित करने के बाद निविदा इन्क्वायरी प्रणाली के माध्यम से उनका निपटान किया जाता है। समिति यह भी नोट करती है कि वैज्ञानिक प्रबंधन और खाद्यान्न के स्टॉक का संरक्षण जारी न करने योग्य खाद्यान्न की मात्रा को कम करता है। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए खरीद में गुणवत्ता जांच भी की जाती है कि निर्दिष्ट गुणवत्ता से नीचे कुछ भी केंद्रीय पूल में स्वीकार नहीं किया जाता है

और थर्ड पार्टी द्वारा खाद्यान्न की गुणवत्ता जांच भी की जाती है। एफसीआई के गोदामों में खरीदे और संग्रहीत किए गए खाद्यान्न के नमूने समय-समय पर गुणवत्ता जांच के लिए एफएसएसएआई द्वारा अधिसूचित एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं को भेजे जाते हैं। तथापि, समिति ने नोट किया कि इतने सारे उपायों के बावजूद 2014-15 के दौरान 6274.774 मीट्रिक टन गेहूं और 2016-17 के दौरान 4845.978 मीट्रिक टन गेहूं गैर-जारी करने योग्य पाया गया। इसी प्रकार 2014-15 के दौरान 18236.025 मीट्रिक टन चावल जारी न करने योग्य पाया गया। समिति यह नहीं समझ पा रही है कि खाद्यान्न जारी न करने योग्य कैसे हो जाता है, खासकर जब गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर इतने सारे उपाय एवं गुणवत्ता जांच की जा रही है और स्टॉक का निपटान फर्स्ट इन एंड फर्स्ट आउट (फीफो) के सिद्धांत पर किया जा रहा है तथा एफसीआई द्वारा पुराने फसल वर्ष के स्टॉक को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए नियोजित परिसमापन किया जा रहा है। यद्यपि डेटा 2017-18 के दौरान जारी न करने योग्य खाद्यान्नों में उल्लेखनीय कमी को दर्शाता है, परंतु 2018-19 के दौरान जारी न करने योग्य खाद्यान्नों की मात्रा में वृद्धि हुई थी। समिति ऐसी स्थिति के कारणों के बारे में विस्तार से जानना चाहती है और एफसीआई से खाद्यान्न के स्टॉक को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का आग्रह करती है ताकि जारी न करने योग्य खाद्यान्नों की मात्रा कम से कम हो। समिति आगे यह इच्छा व्यक्त करती है कि एफसीआई द्वारा इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु एक वैज्ञानिक प्रणाली विकसित की जाए ।

सरकार का उत्तर

एफसीआई संरक्षण के वैज्ञानिक तरीकों का अनुसरण करता है। भंडारण के दौरान खाद्यान्न की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निवारक और उपचारात्मक उपाय किए जाते हैं। तथापि, खराब होने वाली वस्तु होने के कारण, प्राकृतिक आपदाओं के कारण प्रमुख रूप से क्षति होने के कारण हानि होना तय है। तथापि, यह सुनिश्चित किया गया है कि खाद्यान्नों की क्षति को कम से कम रखा जाए। उठान मात्रा के मुकाबले जारी न करने योग्य खाद्यान्नों की वर्ष-वार स्थिति निम्नानुसार रखी गई है:

ऑफटेक मात्रा की तुलना में भारतीय खाद्य निगम में जारी न किए जाने योग्य खाद्यान्नों का उठाव की मात्रा के प्रति संग्रह

फसल वर्ष	उपार्जित गैर-निर्गमीय खाद्यान्न (एमटी में)	ऑफ-टेक मात्रा (एलएमटी में)	उठान मात्रा की तुलना में क्षतिग्रस्त खाद्यान्न का %

2014-15	18847	501.75	0.037
2015-16	3116	490.15	0.006
2016-17	8776	473.31	0.020
2107-18	2663	452.16	0.006
2018-19	5213	500.08	0.010
2019-20	1930	455.13	0.004
2020-21	1850	688.57	0.003

2014-15 से 2020-21 की अवधि के दौरान, एफसीआई में खाद्यान्न की क्षति की घटना 0.04% से घटकर 0.003% हो गई थी। अधिकांश क्षति प्राकृतिक आपदाओं जैसे बारिश, चक्रवात और बाढ़ के कारण हुई थी। संबंधित विवरण इस प्रकार है:

2014-15 से 2020-21 के दौरान भारतीय खाद्य निगम में जारी न किए जाने योग्य खाद्यान्नों के प्रोद्भूत होने के कारणों को दर्शाने वाला विवरण (आँकड़े एमटी में)

	2014-15	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**
क. प्राकृतिक आपदाएं							
वर्षा	130	119	138	22	0	15	2
बाढ़	6144	0	204	1527	4390	993	1447
चक्रवात	9251	2039	4	5	0	689	67
क. कुल	**15525**	**2158**	**346**	**1554**	**4390**	**1697**	**1516**
ख. परिचालन संबंधी कारण							
लंबे समय तक भंडारण	318	31	30	3	8	0	0
गुणवत्ता की शिकायतें	551	354	56	39	106	63	196
मार्गस्थ क्षति	516	417	186	262	271	106	83

लापरवाही	1746	79	7924	11	0	0	0
अन्य	191	77	234	794	438	64	55
ख. कुल	**3322**	**958**	**8430**	**1109**	**823**	**233**	**334**
सकल योग (क +ख)	**18847**	**3116**	**8776**	**2663**	**5213**	**1930**	**1850**

खाद्यान्न की क्षति के प्रत्येक मामले की जांच के लिए जिला और क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर क्षति निगरानी प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं। जहां कहीं भी लापरवाही के कारण क्षति देखी जाती है, दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है और भंडारण एजेंसियों से वसूली की जाती है, यदि उनके कर्मचारियों की ओर से लापरवाही देखी जाती है।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफसी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>डिपो का कम्प्यूटरीकरण और आधुनिकीकरण</u>

सिफारिश (क्र.सं. 30)

28. समिति ने नोट किया कि 561 डिपो/गोदाम एफसीआई के स्वामित्व में हैं, 191 डिपो/गोदाम केंद्रीय भंडारण निगम के स्वामित्व में हैं और 702 डिपो/गोदाम राज्य भंडारण निगमों के स्वामित्व में हैं। एफसीआई ने उनकी अधिप्राप्ति, भंडारण और वितरण कार्यों में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी के नवीन उपयोग के माध्यम से खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को बदलने की दृष्टि से एफसीआई डिपो में सभी कार्यों को स्वचालित करने के लिए डिपो ऑनलाइन सिस्टम (डॉस) एप्लिकेशन को लागू किया है। परियोजना के अन्य उद्देश्यों में डिपो स्तर की प्रक्रियाओं का मानकीकरण एवं स्वचालन, संचालन की वास्तविक समय की निगरानी करना, समय पर डेटा रिपोर्टिंग, डेटा आधारित निर्णय समर्थन प्रणाली और प्रभावी योजना और प्रशासनिक कार्यों का अनुकूलन शामिल है। इसके अलावा एफसीआई 16 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन के लिए एनआईसी के खाद्य और आवश्यक वस्तु आश्वासन एवं सुरक्षा लक्ष्य (फीस्ट) एप्लिकेशन को भी लागू कर रहा है। वे फीस्ट को डॉस में एकीकृत करने की भी योजना बना रहे हैं जो फीस्ट से डिपो ऑनलाइन सिस्टम (डॉस) को इंडेंट से संबंधित जानकारी का प्रसारण सुनिश्चित करेगा और फिर डॉस से फीस्ट को रिलीज़ ऑर्डर से संबंधित जानकारी देगा।

इसी तरह, सीडब्ल्यूसी ने अपने डिपो में डब्ल्यूएमएस एप्लिकेशन को लागू किया है जिसे डॉस के साथ एकीकृत करने की आवश्यकता है। तथापि समिति को ज्ञात है कि डीओएस वर्तमान में केवल 533 एफसीआई डिपो और 144 सीडब्ल्यूसी डिपो में ऑपरेशनल है। समिति को दी गई जानकारी के अनुसार, एफसीआई द्वारा किराए पर लिए गए सभी एसडब्ल्यूसी गोदामों को 1 अप्रैल 2020 तक डीओएस पर ऑनलाइन लाया जाना था, लेकिन इस संबंध में की गई वास्तविक प्रगति की अद्यतन स्थिति ज्ञात नहीं है। समिति का मानना है कि ऑनलाइन कम्प्यूटरीकृत प्रणाली यह सुनिश्चित करेगी कि सरकार के पास उनके डिपो/गोदामों में स्टॉक में खाद्यान्न की उपलब्धता का वास्तविक समय डेटा/सूचना है जो विभिन्न संबंधित मुद्दों पर समय पर और त्वरित निर्णय लेने में मदद करेगा। इस प्रकार समिति का सुविचारित दृष्टिकोण है कि जब तक सभी डिपो/गोदाम पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत और आधुनिकीकृत नहीं हो जाते, तब तक एफसीआई द्वारा डिपो ऑनलाइन प्रणाली को लागू करने का मुख्य उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसलिए समिति सरकार से सिफारिश करती है कि एफसीआई, सीडब्ल्यूसी और एसडब्ल्यूसी के सभी डिपो/गोदामों में न केवल कम्प्यूटरीकरण और आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए बल्कि चरणबद्ध रूप में अधिमानतः 6 महीने के अंदर फीस्ट सहित डॉस काम का एकीकरण हो, ताकि निकट भविष्य में देशीय स्तर पर ऑनलाइन खाद्यान्न प्रबंधन प्रणाली के इच्छित लाभों को पूरी तरह से प्राप्त किया जा सके ।

सरकार का उत्तर

गैर-एफसीआई डिपो (किराए के गोदामों) में डीओएस को लागू करने के लिए, 17.01.2020 को एफसीआई मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सीडब्ल्यूसी / एसडब्ल्यूसी के डब्ल्यूएमएस एप्लीकेशन के एसआई ने आगे की कार्रवाई तय करने के लिए भाग लिया। बैठक में, एसडब्ल्यूसी से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था कि एफसीआई द्वारा केंद्रीय पूल स्टॉक रखने के लिए किराए पर लिए गए अपने सभी गोदामों को डीओएस एप्लिकेशन के साथ ऑनलाइन लाया जाए ताकि भारत सरकार को एफसीआई के सेंट्रल पूल स्टॉक पर वास्तविक समय की जानकारी प्रदान की जा सके।

तब से, डीओएस एप्लीकेशन में एफसीआई द्वारा किराए पर लिए गए लगभग 1646 गोदामों का प्रावधान किया गया है। दिनांक 24.06.2021 की स्थिति के अनुसार, एफसीआई के स्वामित्व वाले और किराए के गोदामों में डिपो ऑनलाइन सिस्टम (डीओएस) के कार्यान्वयन की स्थिति नीचे उल्लिखित है:

	एफसीआई के स्वामित्व वाले	किराए के डिपो				
		सीडब्ल्यूसी	एसडब्ल्यूसी	पीईजी	अन्य	कुल
डीओएस में प्रावधान #	555	193	804	494	155	2201

डॉस के राष्ट्रीय डैशबोर्ड से लिए गए आंकड़े (24-06-2021 तक)

डॉस-फीस्ट एकीकरण:

एनएफएसए के तहत राज्य सरकारों को वितरित किए गए खाद्यान्नों की एंड-टू-एंड निगरानी सुनिश्चित करने के लिए, डॉस (एफसीआई स्टॉक अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर) और एफईएएसटी (राज्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सॉफ्टवेयर) के एकीकरण की अवधारणा की गई थी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन के लिए फीस्ट को एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है और इसे आंशिक रूप से या पूरी तरह से 16 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया गया है। राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र एफसीआई को मांगपत्र/अनुरोध प्रस्तुत करते हैं और राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा आवंटन और भुगतान की गई राशि के आधार पर, एफसीआई राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों को एक रिलीज ऑर्डर (आरओ) जारी करता है, जो पीडीएस में आगे वितरण के लिए एफसीआई डिपो से स्टॉक उठाते हैं।

फीस्ट से डॉस का एकीकरण, फीस्ट से डॉस तक इंडेंट से संबंधित जानकारी और फिर डॉस से फीस्ट को रिलीज़ ऑर्डर संबंधी जानकारी का प्रसारण सुनिश्चित करेगा।

डीओएस से ट्रक चिट विवरण के साथ एफसीआई से रिलीज ऑर्डर (आरओ) के माध्यम से स्टॉक जारी करने के लिए राज्य सरकारों से प्राप्त इंडेंट (इंडेंटर के विवरण के साथ) से एपीआई-आधारित एकीकरण पूरा हो गया है।

एनआईसी के पास फीस्ट एप्लिकेशन का राज्य-वार उदाहरण है (वर्तमान में 11 राज्यों के लिए) और डॉस के साथ कम्युनिकेट करने के लिए इन सभी व्यक्तिगत उदाहरणों को सीएएस (सेंट्रल ऑथेंटिकेशन सर्वर) सिस्टम के तहत लाया गया है।

फीस्ट के साथ डॉस के एकीकरण के लिए परीक्षण वातावरण में भारतीय खाद्य निगम और एनआईसी टीमों द्वारा संयुक्त परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया है।

एनआईसी द्वारा पहचाने गए फीस्ट लागू करने वाले राज्य (गोवा, उत्तराखंड, नागालैंड) पोस्ट सर्वर अपग्रेडेशन उत्पादन में परीक्षण के लिए सिस्टम इंटीग्रेटर के पास लंबित हैं।

अधिप्राप्ति कार्यों में पारदर्शिता को और बढ़ाने के लिए, भारत सरकार ने एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र की परिकल्पना की है जहां राज्य सरकारों द्वारा उपयोग किए जा रहे अधिप्राप्ति पोर्टल किसान पंजीकरण, भूमि रिकॉर्ड सत्यापन और पीएफएमएस के ईएटी मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान के संबंध में न्यूनतम सीमा मापदंडों का अनुपालन करते हैं। दिनांक 11.06.2021 को राज्य सरकारों के साथ बैठक की गई है और उन्हें अगले केएमएस की शुरुआत तक इस कार्य को पूरा करने के लिए अवगत करा दिया गया है।

यह भी प्रस्तावित है कि इन एमटीपी को राष्ट्रीय पोर्टल में एपीआई के माध्यम से कैप्चर किया जाएगा।

फैप (वित्तीय लेखा पैकेज)

एफएपी एक ओरेकल आधारित ऑनलाइन ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) सॉफ्टवेयर है जो निगम के वित्त और लेखा से संबंधित कार्यों के लिए मंडल कार्यालय स्तर (कुल यूनिट -197) तक लागू किया गया है।

वर्तमान में, फैप के माध्यम से निम्नलिखित गतिविधियाँ की जाती हैं:

- वार्षिक लेखा तैयार करना;
- सभी कर्मचारियों और सभी प्रकार के एफसीआई श्रमिकों को वेतन, मजदूरी और अन्य भुगतान की तैयारी;
- सभी भुगतान, रसीदें, चालान और बिल फैप के माध्यम से भेजे जाते हैं।

फैप में बिलों की ट्रैकिंग का प्रावधान है। फैप को एमआईएस उद्देश्यों के लिए एसएफटीपी सर्वर के माध्यम से भारत सरकार के पीएफएमएस एप्लिकेशन के साथ एकीकृत किया गया है।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफसी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना</u>

सिफारिश (क्र.सं. 31)

28. समिति ने नोट किया कि गेहूं और चावल की अधिप्राप्ति ओपन एंडेड है जिसका अर्थ है कि किसानों से जो कुछ भी बिक्री के लिए आता है उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाना है। अधिप्राप्ति की बड़ी मात्रा से निश्चित रूप से सब्सिडी के रूप में सरकार पर

अधिक वित्तीय बोझ पड़ता है। समिति को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, हर साल अधिप्राप्ति बफर स्टॉकिंग मानदंडों से लगभग 40 एलएमटी अधिक होती है जिससे भंडारण लागत पर खर्च बढ़ जाता है। साथ ही अधिक स्टॉक होने से स्टॉक के खराब होने की भी संभावना रहती है। समिति के समक्ष प्रस्तुत अनुमान के अनुसार लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त स्टॉक है और इसलिए सरकार द्वारा किसानों को प्रोत्साहित करके अन्य व्यावसायिक फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए गंभीरतापूर्वक विचार करने का समय आ गया है। दूसरा पहलू यह है कि चावल और गेहूं पानी की खपत वाली फसलें हैं, उनकी खेती गेहूं और चावल उत्पादक क्षेत्रों में जल स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। हालांकि समिति ने नोट किया कि एमएसपी के निर्धारण और तिलहन, दलहन, बाजरा और वाणिज्यिक फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सीएएफ और पीडी) की भागीदारी के अलावा, कृषि मंत्रालय को भी चावल और गेहूं के अलावा अन्य वैकल्पिक फसलों पर किसानों को एमएसपी सुनिश्चित करने के लिए परामर्श करने और विश्वास में लेने की आवश्यकता है। समिति, इसलिए सिफारिश करती है कि सरकार को उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा कृषि मंत्रालय दोनों के परामर्श से बाजरा, तिलहन, दलहन और अन्य वाणिज्यिक फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए एक उपयुक्त कार्यक्रम विकसित करने की आवश्यकता है।

सरकार का उत्तर

सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की सिफ़ारिश को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के साथ उठाया जा रहा है ।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफसी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>सतर्कता मामले</u>

सिफारिश (क्र.सं. 32)

29. समिति ने नोट किया कि 30 सितंबर 2019 तक एफसीआई के पास 37 बड़े और 155 लघु सतर्कता मामले लंबित हैं। यह देखते हुए कि अकेले 2017 में 64 बड़े मामले और 753 लघु मामले दर्ज किए गए थे, प्रत्येक वर्ष रिपोर्ट किए गए मामलों की संख्या बहुत अधिक है। 2018-19 में 92 बड़े और 736 लघु मामले सामने आए। और 30 सितंबर 2019 तक 48 बड़े और 326 लघु मामले सामने आए। समिति ने नोट किया कि हालांकि एफसीआई ने हर साल

कई मामलों को जल्दी से निपटाने की कोशिश की है, फिर भी हर साल रिपोर्ट किए गए नए मामलों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से बहुत अधिक है। मामलों की पुनरावृत्ति का एक कारण या तो एफसीआई मामलों का निपटारा करते समय नरम रुख अपनाना या आरोपित अधिकारी पर पर्याप्त कठोर दंड न लगाना हो सकता है। इसकी पुष्टि इस तथ्य से होती है कि एफसीआई द्वारा हर साल 800 से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं। अधिप्राप्ति, भंडारण, ठेके, परिवहन/आवागमन, वितरण और श्रम मुद्दों से संबंधित मामलों में ऐसे मामलों की के न घटित होने के लिए एफसीआई द्वारा कई निवारक उपाय किए जाने के बावजूद ऐसा अप्रिय परिदृश्य है। समिति समझती है कि भ्रष्टाचार/कदाचार की घटनाएं अधिक हैं क्योंकि एफसीआई एक बड़ा संस्थान है, जिसमें लगभग 21,000 कर्मचारी हैं और लगभग 38,000 विभागीय श्रमिक हैं और इसकी अधिकांश गतिविधियों में प्रत्यक्ष कर्मचारी और सार्वजनिक संपर्क हैं। समिति का विचार है कि एफसीआई में भ्रष्टाचार की इतनी अधिक घटनाएं न केवल संस्थान के बारे में खराब प्रतिष्ठा को दर्शाती हैं बल्कि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों पर भी आशंकाएं पैदा करती हैं।समिति सिफारिश करती है कि भ्रष्टाचार पर शून्य उदारता और शून्य सहनशीलता होनी चाहिए तथा कदाचार/भ्रष्टाचार की घटनाओं से सख्ती से निपटा जाना चाहिए और अपराध की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अधिकारियों को कठोर सजा देनी चाहिए।

सरकार का उत्तर

पिछले चार वर्षों के दौरान बड़े और लघु जुर्माने के मामलों की स्थिति इस प्रकार है:-

अवधि	**आरंभिक शेष**		**वर्ष के दौरान आए मामलों की संख्या**		**वर्ष के दौरान निपटान किए गए मामलों की संख्या**		**इतिशेष**	
	बड़े	**लघु**	**बड़े**	**लघु**	**बड़े**	**लघु**	**बड़े**	**लघु**
2017-18	156	187	64	753	74	742	146	198
2018-19	146	198	92	736	112	706	126	228
2019-20	126	228	71	620	85	661	112	187
2020-21	112	187	53	664	79	706	86	145

पिछले चार वर्षों के दौरान कुल मामलों की संख्या में कमी देखी गई है। इसके अलावा, मामलों का निपटारा समयबद्ध तरीके से किया गया है, जो वर्षों से इतिशेष में कमी को भी

दर्शाता है। भ्रष्टाचार की बढ़ती घटनाओं के बारे में समिति द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं को नोट किया गया है और निम्नलिखित उपचारात्मक कार्रवाई की जा रही है: -

i. एफसीआई भ्रष्टाचार के मामलों में केंद्रीय सतर्कता आयोग (जहां लागू हो) की सलाह लेता है और आयोग की सलाह को ध्यान में रखते हुए आगे की आवश्यक कार्रवाई करता है। एफसीआई ने पिछले दो वर्षों के दौरान सीवीसी की सलाह के अनुरूप सभी मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

ii. आपराधिक प्रकृति के मामले और उच्च वित्तीय निहितार्थ वाले मामलों को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पास भेजा जाता है। अभियोजन स्वीकृति/प्रारंभिक जांच/एफआईआर की अनुमति देने के लिए सीबीआई द्वारा अग्रेषित सभी मामलों को तेजी से निपटाया जाता है और समयबद्ध तरीके से निपटाया जाता है।

iii. भ्रष्टाचार/रिश्वत या आय से अधिक संपत्ति साबित होने पर सेवा से बर्खास्तगी/हटाने का दंड लगाने के लिए एफसीआई के विनियमों में 16.10.2020 को संशोधन किया गया है।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफसी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

<u>सीपीएसयू के लेखापरीक्षा पैरा और देय राशि का निपटान</u>

सिफारिश (क्र.सं. 33)

30. समिति ने नोट किया कि 2015-16 के दौरान सीएण्डएजी द्वारा दो निष्पादन और तीन वाणिज्यिक लेखापरीक्षा रिपोर्टें जारी की गई थीं। प्रमुख अवलोकन गंभीर मुद्दों जैसे कि आकस्मिक शुल्क, सोसायटीज को कमीशन, साइलो का उपेष्टतम उपयोग, बोरे का प्रबंधन और सड़क परिवहन अनुबंध, आदि से संबंधित थे। तथापि समिति ने नोट किया कि सीएण्डएजी ने 2013 से 2018 के बीच अपनी रिपोर्ट में एफसीआई पर लगभग 113 पैरा उठाए थे। उठाए गए 113 पैराओं में से केवल 12 पैरा बंद कर दिए गए हैं तथा 89 पैरा मंत्रालय और नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के पास लंबित हैं। एफसीआई के 12 पैरा अभी भी उत्तर हेतु लंबित हैं। समिति का विचार है कि लेखापरीक्षा पैराओं की संख्या संस्थान की ओर से कमिशन, चूक और उल्लंघन को दर्शाती है जिसे जल्द से जल्द सुधारा/सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए। समिति ने आगे नोट

किया कि 2015 के दौरान सीएण्डएजी द्वारा उठाए गए 44 पैराओं में से 30 पैरा अभी भी मंत्रालय और सीएण्डएजी के पास लंबित हैं तथा एफसीआई से 6 पैरा अभी भी जवाब हेतु लंबित हैं। इसी प्रकार 2017 के दौरान सीएण्डएजी द्वारा उठाए गए 54 पैराओं में से 51 अभी भी मंत्रालय के पास लंबित हैं। इसी प्रकार 2017 के दौरान सीएण्डएजी द्वारा उठाए गए 54 पैराओं में से 51 अभी भी मंत्रालय के पास लंबित हैं। यह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों पर एफसीआई/मंत्रालय की ढिलाई और गैर-गंभीरता को दर्शाता है। समिति अधिमानतः 03 महीने के भीतर सीएण्डएजी के लंबित लेखापरीक्षा पैरा के निपटान में तेजी लाने की पुरजोर सिफारिश करती है।

सरकार का उत्तर

पिछले 7 वर्षों में 6 सीएजी लेखापरीक्षा रिपोर्टों में उठाए गए 113 पैरा/उप-पैरा की तुलना में 24 जून 2021 की स्थिति के अनुसार, 93 पैरा/उप-पैराओं के उत्तर मंत्रालय/सी एंड एजी के पास प्रस्तुत किए गए थे; 12 पैरा बंद कर दिए गए हैं।

जहां तक लंबित 8 पैरा/उप-पैरा का संबंध है, उत्तरों की तैयारी प्रक्रियाधीन है और इसे मंत्रालय के पास प्रस्तुत किया जाएगा। ये लंबित 'पुनरीक्षण टिप्पणियां' आगे की टिप्पणियों/अतिरिक्त जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए एफसीआई को अग्रेषित की जाती हैं, जो तीसरे से छठे स्तर पर हैं ।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफसी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

समिति की टिप्पणी

(कृपया प्रतिवेदन के अध्याय 1 का पैरा 28 देखें)

सिफारिश (क्र.सं. 34)

30. समिति आगे नोट करती है कि निगम द्वारा नियमित अनुनय के बावजूद एमएमटीसी से 92.18 करोड़ रु., एसटीसी से 6.64 करोड़ रु. और पीईसी से 6.65 करोड़ रु. की बकाया राशि का एफसीआई को भुगतान लंबित है। बकाया राशि 2012 से 2014 की अवधि के दौरान गेहूं के निर्यात से संबंधित है। एफसीआई द्वारा प्रस्तुत उत्तर के अनुसार, एमएमटीसी के दावे के निपटारे के मामले को सीएएफ और पीडी मंत्रालय को भेजा गया है जबकि एसटीसी एवं पीईसी के मामले

पर कार्रवाई जा रही है। समिति सिफारिश करती है कि संबंधित सीपीएसयू से 105.40 करोड़ रुपये के लंबित बकाया की वसूली या निपटान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, जो पिछले 6-8 वर्षों से लंबित है तथा एफसीआई को इस पर भारी ब्याज की हानि हो रही है।

सरकार का उत्तर

1. एमएमटीसी के पास लंबित दावों के निपटान के लिए, ये सीपीएसई के विवादों (एएमआरसीडी) के निवारण के लिए प्रशासनिक तंत्र के प्रावधानों के अंतर्गत हैं। पिछली बैठक दिनांक 13.10.2020 को एफसीआई, मुख्यालय में एमएमटीसी एवं भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों के बीच दावों और काउंटर दावों के समाधान के लिए आयोजित की गई थी।

2. एसटीसी के पास लंबित दावों के निपटारे के लिए दिनांक 09.12.2019 को एक बैठक आयोजित की गई, जिसके बाद दिनांक 30.07.2020 और 20.08.2020 को बैठक हुई। अगली बैठक आयोजित करने के लिए दिनांक 05.01.2021 और 29.01.2021, 25.03.2021 और 16.06.2021 एसटीसी को पत्र लिखा गया है। एसटीसी ने दिनांक 18.06.2021 के पत्र के माध्यम से सूचित किया कि कोविड-19 महामारी के कारण सभी आंकड़ों का मिलान नहीं किया गया था तथा एसटीसी और एफसीआई से संबंधित आंकड़ों के मिलान के बाद बैठक हो सकती है।

3. पीईसी के मामले में, एफसीआई ने दिनांक 11/14.06.2021 के पत्र द्वारा एमओसीएएफ एंड पीडी से अनुरोध किया है कि एएमआरसीडी के प्रावधानों के अनुसार पीईसी के समक्ष मामले को उठाये क्योंकि पीईसी दावों के निपटान के लिए किसी भी बैठक की कार्रवाई का अनुपालन नहीं कर रहा है ।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफसी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

अध्याय तीन

टिप्पणियाँ/सिफारिशें जिनके संबंध में सरकार के उत्तरों को देखते हुए समिति आगे कार्रवाई नहीं करना चाहती है

- शून्य -

अध्याय चार

टिप्पणियां/सिफारिशें जिनके संबंध में सरकार के उत्तर समिति द्वारा स्वीकार नहीं किए गए हैं और जिन्हें दोहराए जाने की आवश्यकता है

सिफारिश (क्र.सं. 3)

समिति के विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि अधिनियम की धारा 7(1) स्पष्ट रूप से तीन अलग-अलग मंत्रालयों अर्थात (i) खाद्य (ii) वित्त और (iii) सहकारिता से भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में एक-एक निदेशक की नियुक्ति के माध्यम से अनिवार्य प्रतिनिधित्व का प्रावधान करती है। तथापि समिति ने यह भी पाया कि इन मंत्रालयों में से प्रत्येक का प्रतिनिधित्व करने वाले एक आधिकारिक निदेशक के मानदंड के विपरीत, भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में वास्तव में एक ही मंत्रालय से दो अधिकारी - {(एएस एंड एफए) और जेएस (पी एंड भारतीय खाद्य निगम)} उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से हैं और वित्त मंत्रालय से किसी भी अधिकारी को बोर्ड में नियुक्त नहीं किया गया है, जो स्पष्ट रूप से खाद्य निगम अधिनियम, 1964 की धारा 7 के प्रावधानों का उल्लंघन है। अतः समिति को उन कारणों से अवगत कराया जाए जिसमें एक मंत्रालय अर्थात् उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के दो अधिकारियों को भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में नियुक्त किया गया है और अनिवार्य आवश्यकता के बावजूद बोर्ड में वित्त मंत्रालय से कोई नियुक्ति नहीं की गई है। अतः समिति सिफारिश करती है कि सरकार द्वारा खाद्य निगम अधिनियम, 1964 में यथा उपबंधित अनुपात में भारतीय खाद्य निगम के बोर्ड में तीनों मंत्रालयों के प्रतिनिधित्व को सही करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। समिति को तीन माह के भीतर मामले पर की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए।

सरकार का उत्तर

एएस एंड एफए / एफए को मंत्रालय में वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधि माना जाता है तथा उन्हें भा खा नि के निदेशक बोर्ड में नियुक्त किया गया है।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफसी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

समिति की टिप्पणियां

(कृपया प्रतिवेदन के अध्याय एक का पैरा 10 देखें)

अध्याय पाँच

टिप्पणियां/सिफारिशें जिनके संबंध में सरकार ने अंतरिम और अंतिम उत्तर दिए हैं

<u>खाद्यान्नों का संचलन और वितरण</u>

सिफारिश (क्र.सं. 20)

समिति टिप्पणी करती है कि भारतीय खाद्य निगम का एक प्रमुख कार्य खाद्यान्नों को अधिशेष उत्पादक राज्यों से उपभोग/घाटे वाले राज्यों में स्थानांतरित करना है। खाद्यान्नों का उचित और नियोजित संचलन (i) अधिशेष क्षेत्रों से स्टॉक की निकासी, (ii) एनएफएसए/ टीडीपीएस और अन्य योजनाओं के लिए घाटे वाले क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करना, और (iii) घाटे वाले क्षेत्रों में बफर स्टॉक बनाना सुनिश्चित करता है । समिति आगे टिप्पणी करती है कि पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश स्वयं की खपत की तुलना में गेहूं की खरीद के मामले में अधिशेष राज्य हैं। इसी तरह, पंजाब, हरियाणा, आंध्र प्रदेश/तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और ओडिशा स्वयं की खपत की तुलना में चावल की खरीद के मामले में अधिशेष राज्य हैं। इन राज्यों में गेहूं और चावल के अधिशेष स्टॉक को एनएफएसए / टीडीपीएस और अन्य योजनाओं के साथ-साथ बफर स्टॉक बनाने के लिए आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए घाटे वाले राज्यों में ले जाया जाता है। खाद्यान्नों की आवाजाही के लिए परिवहन के विभिन्न साधन अर्थात (i) मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट मूवमेंट, (ii) कंटेनराइज्ड मूवमेंट, (iii) लॉन्ग रूट रोड ट्रांसपोर्टेशन, (iv) बल्क मूवमेंट आदि हैं। । इनके तहत परिचालन सड़क, रेल, तटीय या नदी के रास्ते से किया जाता है। मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट मूवमेंट के तहत, भारतीय खाद्य निगम ने पंजाब से कर्नाटक तक 25000 मीट्रिक टन खाद्यान्न के कंटेनरीकृत मल्टीमॉडल तटीय परिचालन की एक पायलट परियोजना शुरू की है। इसी तरह, उसी पायलट प्रोजेक्ट के तहत, कॉनकॉर द्वारा पंजाब से केरल तक चिह्नित केंद्रों जैसे कोचीन, क्विलोन, आदि से और तमिलनाडु में भी रैक्स के पारंपरिक परिचालन की तुलना में लागत-लाभ विश्लेषण करने के लिए खाद्यान्न की आवाजाही की जा रही है। समिति को पता चला है कि भारतीय खाद्य निगम ने जलमार्गों का उपयोग करते हुए आवाजाही बढ़ाने के लिए भी कई पहल की हैं। हालांकि, तथ्य यह है कि खाद्यान्न की आवाजाही के लिए रेल आवाजाही काफी सस्ता और किफायती तरीका है। भारतीय खाद्य निगम की लगभग 85% आवाजाही रेल के माध्यम से होती है। भारतीय खाद्य निगम पूरे भारत में

खाद्यान्न के परिवहन के लिए सालाना लगभग 10,000 करोड़ रुपये व्यय करता है जिसमें से 8,500 करोड़ रु. अकेले भारतीय रेलवे को जाता है। समिति परिवहन लागत को कम करने और सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए परिवहन के प्रमुख

साधनों/मार्गों की परिचालन व्यवहार्यता और आर्थिक व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए परिचालन-लागत अर्थशास्त्र पर एक स्वतंत्र अध्ययन आयोजित करने की सिफारिश करती है। समिति पंजाब से लेकर दक्षिण में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में कंटेनरीकृत तटीय परिचालन के लागत अर्थशास्त्र का निर्धारण करने के लिए शुरू की गई पायलट परियोजनाओं के परिणामों से भी अवगत होना चाहेगी।

सरकार का उत्तर

भारतीय खाद्य निगम ने मल्टीमॉडल कोस्टल/नदी के माध्यम से खाद्यान्न ले जाने की व्यवहार्यता की खोज में पहल की हैं ताकि तटीय आवाजाही को रेल/सड़क आवाजाही का पूरक बनाया जा सके।

(आँकड़े एमटी में)

वर्ष	पूर्व के आंध्रप्रदेश से केरल तक मल्टीमॉडल तटीय परिचालन
2018-19	45,132
2019-20	55,554
2020-21	35,776
कुल	**2,79,586**

भारतीय खाद्य निगम ने कॉनकॉर/एसोसिएट्स के माध्यम से कुछ मार्गों पर खाद्यान्नों की कंटेनरीकृत आवाजाही भी शुरू की है, जहां यह पारंपरिक रेलवे रैक्स की तुलना में किफायती पाया गया है।

वर्ष	परिचालित कंटेनर रैकों की संख्या	माल ढुलाई बचत (लाख रुपये में)
2016-17	13	44
2017-18	134	662
2018-19	167	796
2019-20	309	694
2020-21	296	480
कुल	**919**	**2,676**

कॉनकॉर के माध्यम से प्रायोगिक आधार पर मार्च'19 से मार्च'20 तक पायलट प्रोजेक्ट के तहत मल्टीमॉडल कंटेनरीकृत मोड का उपयोग करके कुल बारह (12) रैक्स (27,912 एमटी) को भी पंजाब से कर्नाटक ले जाया गया था। भारतीय खाद्य निगम ने पंजाब क्षेत्र के नामित डिपो से केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में नामित डिपो के लिए मल्टीमॉडल तटीय परिचालन के तहत अनाज की आवाजाही के लिए मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों की नियुक्ति के लिए तीन (3) निविदाएं आमंत्रित कीं लेकिन किसी भी में कोई बोली प्राप्त नहीं हुई।

[उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (सार्वजनिक वितरण विभाग)]
(का.ज्ञा. सं. 14-4/2019-एफसी-I/ई-368662 दिनांक 30.07.2021)

समिति की टिप्पणियां

(कृपया प्रतिवेदन के अध्याय एक का पैरा 22 देखें)

नई दिल्ली ;
24 जनवरी, 2022
04 माघ,1943 (शक)

संतोष कुमार गंगवार
सभापति
सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

अनुबंध

[सिफारिश (क्रम संख्या-1) के संबंध में सरकार द्वारा दिए गए उत्तर के अनुबंध]

अनुबंध-क

उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशें, भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय तथा इन सिफारिशों पर भारतीय खाद्य निगम द्वारा की गई कार्रवाई (मासिक रिपोर्ट)

(31.05.2021 तक)

क्रम सं.	सिफारिशें	की-गई-कार्रवाई
1.	उच्च स्तरीय समिति सिफारिश करती है कि गेहूँ, धान और चावल की सरकारी खरीद से संबंधित सभी ऑपरेशन्स भारतीय खाद्य निगम द्वारा राज्यों को सौंप दिए जाएं, जिन्हें इस संबंध में पर्याप्त अनुभव प्राप्त हो चुका है तथा उन्होंने प्रोक्योरमेंट के लिए	एफसीआई ने आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्य प्रदेश में राज्य सरकारों को पहले हीपूरीतरह खरीदऑपरेशन्स सौंप दिया है और संबंधित राज्य सरकारों के अनुरोध पर पंजाब और हरियाणा में खरीद ऑपरेशन्स में भाग ले रहा है। एफसीआई केंद्रीय पूल के लिए की गई कुल खरीद में से लगभग 1% धान और 10% गेहूं की खरीद कर रहा है।शेष खरीद राज्य एजेंसियों द्वारा की जाती है।एफसीआई खाद्यान्न के भंडारण और आवाजाही पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की दिशा में आगे बढ़ी है। गेहूं और चावल की खरीद के लिए डीसीपी राज्य की सूची परिशिष्ट-II पर संलग्न है।

<table>
<tr><td></td><td>पर्याप्त ढांचागत सुविधाएं सृजितकी हैं । ये राज्य हैं आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, ओडिशा और पंजाब ।</td><td></td></tr>
<tr><td>2.</td><td>भारतीय खाद्य निगम को उन राज्यों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए जहां किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी कम दाम पर मजबूर होकर अपना अनाज बेच रहे हैं । जहां ज्यादातर छोटे किसान हैं जैसेकि पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम आदि । यह वह पट्टी है जहां दूसरी हरित क्रांति अपेक्षित है और जहां भारतीय खाद्य निगम को अपनी ओर से सक्रियता दिखाने की जरूरत है, इन राज्यों तथा अन्य एजेंसियों को जुटाया जाए ताकि एमएसपी और अधिप्राप्ति के लाभ बहुसंख्य किसानों, खास तौर पर</td><td>एचएलसी समिति की सिफारिश पर, भारतीय खाद्य निगम उन राज्यों की सहायता के लिए आगेआई जहां किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी कम दाम पर मजबूर होकर अपना अनाज बेच रहे हैं । जहां ज्यादातर छोटे किसान हैं जैसेकि पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम आदि ।
किसानों को एमएसपी का लाभ पहुंचाने के लिए देश के उन राज्यों में विशेष रूप से पूर्वी और उत्तर पूर्वी हिस्से में मदद लिए जागरूक करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। चल रहे के एमएस 2020-21 में, पूर्वी राज्यों में 101.6 एलएमटी चावल की खरीद की गई है, जब कि केएमएस 2013-14 के दौरान 34.28 एलएमटी चावल की खरीद की गई थी। त्रिपुरा के किसानों को एमएसपी का लाभ देने के लिए, एफसीआई ने केएमएस 2018-19 से त्रिपुरा में धान की खरीद शुरू की है।
पूर्वी राज्यों में पिछले 4 वर्षों के दौरान की गई खरीद इस प्रकार है:

(आँकड़े एलएमटी में)
<table><tr><th>क्रसं</th><th>राज्य</th><th>केएमएस</th></tr></table></td></tr>
</table>

	छोटे और सीमांत किसानों तक पहुंचाए जा सकें ।				**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21***
			1	असम	0.35	1.03	2.11	1.26
			2	बिहार	7.93	9.49	13.41	2 .84
			3	झारखंड	1.46	1.55	2.58	4.27
			4	यूपी।	28.74	32.33	37.90	44.78
			5	पश्चिम बंगाल	22.11	27.27	33.56	27.34
			6	त्रिपुरा	0	0.18	0.14	0.11
			कुल		60.59	71.85	89.70	101.6

* केएमएस 2020-21 प्रगति पर है। 23.06.2021 तक के आंकड़े

विगत 4 वर्षों के दौरान संचालित धान खरीद केन्द्रों की संख्या इस प्रकार है:

क्रसं	**राज्य**	केएमएस

		2017-18	2018-19	2019-20	2020-21*
1	असम	101	118	159	133
2	बिहार	6,688	6,161	6223	6508
3	झारखंड	592	274	274	448
4	त्रिपुरा	0	37	44	44
5	यूपी	3,420	3,107	3,880	4453
6	पश्चिमबंगाल	19,238	27,563	30,070	28,973
कुल		**30,039**	**37,260**	**40,650**	**40,559**

* केएमएस 2020-21 प्रगति पर है।

लाभान्वित किसानों की संख्या का विवरण इस प्रकार है:

क्रसं	राज्य	केएमएस			
		2017-18	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**
1	असम	4,332	12,921	26,537	17,194
2	बिहार	1,63,425	2,10,028	2,79,402	4,97,097
3	झारखंड	42,346	34,595	53,305	1,03,946
4	यूपी।	4,92,913	6,84,013	7,06,549	10,22,286
5	पश्चिमबंगाल	3,50,181	7,33,357	8,05,186	8,14,772
6	त्रिपुरा	0	5,506	13,613	9,546
कुल		**10,53,197**	**16,80,420**	**18,82,607**	**24,64,841**

*केएमएस 2020-21 प्रगति पर है।

पूर्वी राज्यों जैसे यूपी और बिहार में गेहूं की खरीद पर भी बल दिया गया है। गेहूं की खरीद का विवरण इस प्रकार है:

(आँकड़े एलएमटी में)

<table>
<tr><td></td><td></td><td>
<table>
<tr><th>राज्य</th><th>आरएमएस 2019-20</th><th>आरएमएस 2020-21</th><th>आरएमएस 2021-22*</th></tr>
<tr><td>यूपी</td><td>37.00</td><td>35.77</td><td>56.41</td></tr>
<tr><td>बिहार</td><td>0.03</td><td>0.05</td><td>4.56</td></tr>
</table>
* आरएमएस 2021-22 प्रगति पर है। 23.06.2021 तक के आंकड़े

ऊपर यह देखा गया है कि बिहार में गेहूं की खरीद में झुकाव की प्रवृत्ति दिखाई गई है, आरएमएस 2021-22 में 4.56 एलएमटी गेहूं की खरीद की गई है, जबकि आरएमएस 2019-20 के दौरान 0.03 एलएमटी गेहूं की खरीद की गई थी, जो दर्शाता है कि खरीद कार्यों में किसानों ने सरकार पर अपना भरोसा दिखाया है।

केएमएस 2019-20 में, पूर्वी राज्यों में 89.70 एलएमटी चावल की खरीद की गई है। 23.06.2021 तक, पूर्वी राज्यों में चल रहे केएमएस 2020-21 में 101.6 एलएमटी चावल की खरीद की गई है।
</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>केंद्र में डीएफपीडी / भारतीय खाद्य निगम को प्रत्येक खरीद सत्र शुरू होने से पहले राज्यों के साथ लागत मानकों और</td><td>डीसीपी और गैर-डीसीपी दोनों राज्यों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। एमओयू में उपयुक्त प्रावधान किया गया है। इस बात पर भी बल दिया गया है कि राज्य द्वारा एमएसपी के अलावा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई बोनस/वित्तीय प्रोत्साहन देने की स्थिति में, यदि राज्य की कुल खरीद टीपीडीएस/ओडब्ल्यूएस के तहत भारत सरकार द्वारा</td></tr>
</table>

	सरकारी खरीद के मूलभूत नियमों के बारे में एक करार करना चाहिए ।	किए गए राज्य के कुल आवंटन से अधिक है, ऐसी अधिक मात्रा को केंद्रीय पूल से बाहर माना जाएगा।
4.	प्रोक्योरमेंट में गुणवत्ता नियंत्रण का जांच किया जाना चाहिए तथा केंद्रीय पूल में विनिर्दिष्ट मानक से नीचे की गुणवत्ता वाले अनाज को स्वीकार न किया जाए। गुणवत्ता की जांच भारतीय खाद्य निगम और/ या किसी अन्य तीसरी पार्टी, जोकि मान्यता प्राप्त हो, से पारदर्शी तरीके से कराईजाए तथा गुणवत्ता जांच के लिए यांत्रिक माध्यम अपनाए जाएं ।	❖ एफसीआई खाद्य सुरक्षा संस्थान (आईएफएस) गुरुग्राम में एक अतिआधुनिक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला स्थापित कर रहा है। प्रमुख पांच (5) उपकरण पहले ही खरीदे और स्थापित किए जा चुके हैं।रसायनों/अभिकर्म कों की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है और आईएफएस, गुरुग्राम को इसकी खरीद के लिए आवश्यक बजट आवंटित किया गया है। अधिकांश छोटे उपकरण और कांच के बने पदार्थ भी खरीदे गए हैं। केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई), मै सूर से उपकरणों की स्थापना और अंशांकन की जांच के लिए आईएफएस, लैब का दौरा करने का अनुरोध किया गया है। ❖ एफसीआई के गोदामों में खरीदे और संग्रहीत खाद्यान्न के नमूने समय-समय पर गुणवत्ता जांच के लिए एफएसएसएआई द्वारा अधिसूचित एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं को भेजे जाते हैं। वित्त वर्ष 2020-21 में 01.04.2020 से 31.03.2021 तक, भारत भर में एफसीआई के विभिन्न गोदामों से खाद्यान्न के 9825 नमूने गुणवत्ता जांच के लिए भेजे गए थे, जिनमें से 7759 नमूने प्राप्त हुए हैं और एफएसएसआर 2011 विनिर्देशों के अनुरूप पाए गए हैं। ❖ गुणवत्ता की जाँच के लिए मशीनीकृत प्रक्रिया शुरू करने के उद्देश्य से, केएमएस 2017-18 के दौरान सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस कंप्यूटिंग (सी - डैक) द्वारा विकसित 30 कम्प्यूटरीकृत चावल विश्लेषक(अन्नदर्पण स्मार्ट), कोलकाता को 07 प्रमुख खरीद क्षेत्रों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के 30 स्थानों पर उपलब्ध कराया गया और इन स्थानों पर चावल की स्वीकृति कम्प्यूटरीकृत राइस एनालाइजर (सीआरए) के माध्यम से की गई थी।इसके अलावा, हमारे अनुरोध के अनुसार, खाद्यान्न के विश्लेषण के लिए एआई

<table>
<tr><td></td><td></td><td>आधारित प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने के लिए 07 फर्मों / पार्टियों से ईओआई प्राप्त हुआ है और खाद्यान्न विश्लेषण प्रौद्योगिकी के विकास के लिए इच्छुक पार्टियों से प्राप्त विकल्पों का मूल्यांकन करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति पहले ही गठित की जा चुकी है।विकल्पों का मूल्यांकन प्रगति पर है।</td></tr>
<tr><td><u>5.</u></td><td>भारत सरकार को अपनी एमएसपी नीति पर दोबारा विचार करने की जरूरत है । वर्तमान में 23 जिंसों के लिए एमएसपी की घोषणा की जाती है लेकिन वास्तव में मूल्य समर्थन ऑपरेशन्स मूलतः गेहूँ और चावल के लिए ही संचालित किए जाते हैं और वो भी केवल चुने हुए राज्यों में । इसके कारण गेहूँ और चावल के पक्ष में अत्यधिक लाभप्रद संरचना(स्ट्रक्चर) का निर्माण होता है ।</td><td>केएमएस 2016-17 में, भा.खा.नि. ने मूंग की 64,737.16 मीट्रिक टन, उड़द की 18,234.67 मीट्रिक टन और तूर की 1,75,301.40 मीट्रिक टन की खरीद की। भा.खा.नि. ने आरएमएस 2017-18 के बाद डीओसीए द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, दालों की खरीद में भाग नहीं लियाहै।

डीएसीएंडएफडब्ल्यू के दिनांक 11.10.2018 के पत्र के निर्देश अनुसार, एफसीआई ने पीएसएस योजना के तहत के एमएस 2018-19, रबी 2018-19, केएमएस 2019-20 और आरएमएस 2020-21 में दालों की खरीद की।

एफसीआई द्वारा केएमएस 2018-19, रबी 2018-19, केएमएस 2019-20 और आरएमएस 2020-21 के दौरान पीएसएस के तहत खरीदी गई दालों का विवरण निम्नानुसार है

(आंकडे एमटी में)
<table>
<tr><th>राज्य</th><th>केएमएस 2018-19</th><th>कुल</th><th>रबी 2018-19</th><th>केएमएस 2019-20</th><th>आरएमएस 2020-21</th></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

	मूंग	उड़द	तूर		चना	तूर	चना
महाराष्ट्र	5981.82	3636.64	0	9618.46	46.1	9245.13	15159.92
एमपी।	207	52852.24	0	53059.24	0	0	0
आंध्र प्रदेश	0	493	0	493	0	0	0
कर्नाटक	0	0	15341.81	15341.81	0	0	0
गुजरात	0	0	0	0	0	1612	0
कुल	**6188.82**	**56981.88**	**1534 .81**	**78512.51**	**46.1**	**10857.13**	**15159.92**

एफसीआईपीएसएस योजना के तहत आगामी के एमएस 2020-21 में दालों की खरीद कर रहा है

(आंकड़े एमटी में)

राज्य	केएमएस 2020-21 (22.03.2021 के अनुसार)
	तूर

			महाराष्ट्र		
			गुजरात	17.20	
			कुल	**17.20**	
6.	उच्च स्तरीय समिति यह सिफारिश करती है कि भारतीय खाद्य निगम को अपने भंडार संबधी ऑपरेशंस को विभिन्न एजेंसियों जैसे कि केंद्रीय भंडारण निगम, राज्य भंडारण निगम, निजी उद्यमी योजना (पीईजी) के तहत निजी क्षेत्र को और राज्योंकी भूमि पर प्राइवेट सैक्टर द्वारा साइलो निर्माण करने वाली राज्य सरकारों (जैसे कि मध्य प्रदेश) को आउटसोर्स कर देना चाहिए । इसे प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर विभिन्न स्टेक होल्डर्स को आमंत्रित करते हुएतथा प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हुए करना चाहिए ताकि भंडारण की	28.02.2021 को एफसीआई के पास कुल डिपो की संख्या 2096 है। 545 स्थानों पर एफसीआई के अपने गोदाम हैं। इसके अलावा, एफसीआई राज्य सरकार/सीडब्ल्यूसी/एसडब्ल्यूसी और निजी पार्टियों से भी गोदाम किराए पर लेता है। पूर्वोत्तर राज्यों में, एचएलसी की सिफारिश के अनुसार, एफसीआई ने पूर्वोत्तर क्षेत्र और अन्य राज्यों में एफसीआई द्वारा प्लान योजना के तहत निर्मित गोदामों को संरक्षण, रख रखाव और सुरक्षा (पीएमएस) कार्यों के लिए सीडब्ल्यूसी को सौंपने का निर्णय लिया है।प्रारंभ में, प्लान योजना के तहत निर्मित 61,580 मीट्रिक टन (कुल 19 एफसीआई गोदाम) की क्षमता संरक्षण और रखरखाव सेवाओं को चलाने के लिए सीडब्ल्यूसी को पेश की गई है। (**गोदाम की सूची अनुलग्नक III में संलग्न है**)। जिसमें से, करीमगंज में 5000 मीट्रिक टन, जोगीघोपा में 7000 मीट्रिक टन, बिष्णुपुर में 4600 मीट्रिक टन और लाल बाजार में 5000 मीट्रिक टन की क्षमता पीएमएस कार्यों के लिए सीडब्ल्यूसी द्वारा अधिग्रहित की गई है।शेष 15 डिपो के लिए, पीएमएस कार्यों के लिए सीडब्ल्यूसी को भी डिपो लेने का अनुरोध किया गया है।		

<table>
<tr><td></td><td>लागत को कम किया जा सके ।</td><td></td></tr>
<tr><td>7.</td><td>भारत को मौजूदा सुविधाओं की तुलना में और अधिक बल्क हैंडलिंग सुविधाओं की आवश्यकता है । भारतीय खाद्य निगम के पुराने परंपरागत भंडार स्थलजोकईवर्षोंसेअस्तित्वमेंहैंउन्हें निजी क्षेत्र तथा अन्य भंडारण एजेंसियों की सहायता से साइलो में बदल देना चाहिए। सभी साइलो तथा परंपरागत गोदामों मेंबेहतर मशीनीकरणकी आवश्यकता है ।

यद्यपि विशिष्ट मात्रा में काम करने की आवश्यकता है और अधिक विस्तृत अध्ययन के माध्यम से इसे किन स्थानों पर करने की आवश्यकता है, एचएलसी का समग्र मूल्यांकन</td><td>• भारत सरकार ने निम्नलिखित संभावित लक्ष्यों के साथ 2019-20 तक 100 एलएमटी साइलो के निर्माण के लिए कार्य योजना को मंजूरी दी है:
<table>
<tr><th>कमोडिटी / एजेंसी</th><th>एफसीआई</th><th>सीडब्ल्यूसी</th><th>राज्य सरकार</th><th>कुल</th></tr>
<tr><td>गेहूं</td><td>27.75</td><td>2.50</td><td>61.00</td><td>91.25</td></tr>
<tr><td>चावल</td><td>1.25</td><td>0</td><td>7.50</td><td>8.75</td></tr>
<tr><td>संपूर्ण</td><td>29.00</td><td>2.50</td><td>68.50</td><td>100.00</td></tr>
</table>
• कार्यान्वयन की स्थिति इस प्रकार है:
<table>
<tr><th>निविदा किए गए स्थानों की संख्या (निविदा तिथि)</th><th>प्रकार/मोड</th><th>क्षमता (एलएमटी)</th><th>स्थिति</th></tr>
<tr><td>6
(23.04.2015)</td><td>वीजीएफ</td><td>2.5</td><td>1 प्रयोग में है। 1 समाप्त। 4 प्रगति में है।</td></tr>
<tr><td>26
(25. 5.2016)</td><td>गैर वीजीएफ</td><td>13.5</td><td>3 प्रयोग में है। 7 समाप्त। 16 विभिन्न चरणों में है</td></tr>
<tr><td>8
(23.08.2017)</td><td>गैर वीजीएफ</td><td>4.5</td><td>5 समाप्त/निरस्त। 3 CA ने हस्ताक्षर किए।</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

	यह है कि देश में समग्र उत्पादन और कई क्षेत्रों में सूखा ग्रस्त प्रकृति को देखते हुए आगामी 3-5 वर्षों में लगभग 10 एमएमटी(गेहूं तथा चावल दोनो के लिए) की क्षमता सृजित की जानी चाहिए				

9 (07.12.2017)	गैर वीजीएफ	4.5	5 निरस्त। 2 फिर से तैयार . 2 प्रगति में है।
7 (11.05.2018)	गैर वीजीएफ	3.5	CA ने हस्ताक्षर किए, CPs fulfillment. प्रगति में है।
9 (17.09.2018)	गैरवीजीएफ	4.5	वित्तीय बोली खोली गई। 4 स्थानों के लिए निविदा रद्द कर दी गई और शेष 5 स्थानों के लिए एल ओए जारी किया गया।
2 (07.12.2016)	वीजीएफ	1	CA ने हस्ताक्षर किए
